इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 304 | राजनांदगांव, गुरूवार 24 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## एसआईआर पर दो चुनाव आयुक्तों ने 10 महीने में 14 बार आपत्ति दर्ज कराई, फॉर्म-6 में बदलाव पर भी दी चेतावनी

नई दिल्ली। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने जून 2025 में बिहार से 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) के तहत वोटर लिस्ट के संशोधन की प्रक्रिया शुरू की। एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 13 करोड़ से ज्यादा नाम हटाए गए। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की आलोचना भी हुई और सवाल उठा कि यह कैसे तय किया जा रहा है कि कौन वोट देगा और कौन नहीं। 'द इंडियन एक्सप्रेस' की पड़ताल में एसआईआर प्रक्रिया और इसे लेकर निर्वाचन आयोग के अन्दर उठी असहमतियों के बारे में अहम जानकारियां सामने आई हैं।

### सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने उठाए सवाल

चुनाव आयोग में तीन सदस्य होते हैं। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू तथा विवेक जोशी शामिल हैं। इंडियन एक्सप्रेस की जाँच में पता चला है कि इस प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग के भीतर ही इसे लेकर सवाल उठाए गए। ये सवाल तीन में से दो चुनाव आयुक्तों- सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने उठाए थे। एसआईआर को पूरे देश में लागू करने का काम तीनों चुनाव आयुक्तों की देखरेख में हुआ लेकिन संधू और जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार इसे लेकर आधिकारिक तौर पर आपत्ति जताई। इसमें एक ही दिन में चार बार इन फैसलों और आदेशों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी। संधू और जोशी के मुताबिक, ये फैसले या आदेश उनकी जानकारी के बिना लिए या जारी किए गए थे।



### जमीनी अफसरों को दरकिनार करने पर आयोग में टकराव

चुनाव आयोग के अंदर पहले भी अफ़सरों के बीच मतभेद हुए हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है जब दो चुनाव आयुक्तों ने लिखित में सीधे चुनाव प्रक्रिया के सबसे ज़रूरी हिस्सों पर सवाल उठाए हैं।

### राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी ने दर्ज कराई थी असहमति

मार्च, 2024 में जब सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार को चुनाव आयुक्त बनाया गया था, तब कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने नियुक्ति प्रक्रिया पर अपनी असहमति दर्ज कराई थी। फरवरी, 2025 में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए जाने और विवेक जोशी की चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति पर असहमति दर्ज कराई थी।

### चुनाव आयुक्तों की क्या आपत्तियां थीं?

चुनाव आयुक्तों की ये आपत्तियां चुनाव आयोग के मुख्य काम से जुड़ी थीं। जैसे- नए वोटर का रजिस्ट्रेशन, वोटर लिस्ट से नाम हटाना और फिर से जोड़ना, एसआईआर प्रक्रिया में वोटर का नाम बहाल करने के आदेशों के खिलाफ अपील करना और पूरी वोटर लिस्ट की सुरक्षा। इन सभी आपत्तियों की कॉपी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी भेजी गई थीं। कुछ आपत्तियां डिप्टी चुनाव आयुक्तों को भी भेजी गई थीं। ऐसी ही एक लिखित आपत्ति में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने शिकायत की कि चुनाव आयोग ने दो आयुक्तों की लिखित सलाह के खिलाफ काम किया और दावा किया कि यह कदम 'अनाधिकृत और गैर-कानूनी' था। इसके बाद भी जोशी और संधू ने कैबिनेट सचिव को अलग-अलग पत्र लिखकर काम के बंटवारे में किए गए बदलावों की शिकायत की। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एसआईआरः वोट चोरी देश के संविधान व देशवासियों के खिलाफ अपराध, इंसाफ जरूर होगा- राहुल गांधी

नई दिल्ली। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर जारी विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेहद तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को भारतीय लोगों के खिलाफ अपराध और संविधान पर सीधा हमला बताया। उन्होंने बीजेपी, आरएसएस और चुनाव आयोग पर इसे आयोजित करने का आरोप लगाते हुए इसे 'देशद्रोह' करार दिया और कहा कि न्याय होगा।



### 14 आपत्तियों की रिपोर्ट से गरमाया विवाद

यह विवाद उस रिपोर्ट के बाद तेज हुआ, जिसमें दावा किया गया कि पिछले 10 महीनों के दौरान दो चुनाव आयुक्तों ने चुनाव आयोग के कई फैसलों और आदेशों पर 14 मौकों पर रिकॉर्ड में आपत्ति दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि ये आपत्तियां नए वोटरों के नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट से नाम हटाने और कुछ अन्य प्रक्रियाओं से जुड़े फैसलों को लेकर थीं।

### चुनाव आयोग ने रिपोर्ट के दावे को खारिज किया

चुनाव आयोग ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा है कि किसी भी चुनाव आयुक्त ने आयोग के फैसलों पर असहमति नहीं जताई थी। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, दोनों आयुक्तों ने कुछ मुद्दे जरूर उठाए थे, लेकिन बाद में आयोग ने उन पर विचार किया। श्वष्टद्व सूत्रों ने यह भी कहा कि आयोग के सभी फैसलों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के हस्ताक्षर होते हैं।

### विपक्ष ने सीईसी पर साधा निशाना

रिपोर्ट के सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रिपोर्ट का जिक्र करते हुए एक्स पर कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी को नष्ट कर दिया है। विपक्षी दलों ने संसद से सीईसी को पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग भी की। पूरे विवाद के केंद्र में चुनाव आयोग के फैसले लेने की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में दोबारा चुनाव और ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग की

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को लेकर इंडियन एक्सप्रेस के खुलासे के बाद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि यह एक बहुत ही चौंकाने वाली और शर्मनाक बात है, चुनाव आयुक्त को गिरफ़्तार किया जाना चाहिए। उन्हें पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। साथ ही, उन्होंने कहा कि विपक्ष ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग पर एकजुट है। ममता ने कहा, यह एक बहुत ही चौंकाने वाली और शर्मनाक बात है। हमने अपनी जिंदगी में ऐसा कभी नहीं देखा। इस चुनाव आयुक्त को गिरफ़्तार किया जाना चाहिए। उन्हें पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है और भाजपा को यह समझना चाहिए कि वे हमारे संविधान और लोकतंत्र को खत्म नहीं कर सकते।



### हमारा चुनाव वापस करो- ममता

ममता ने आगे कहा, भाजपा और ज्ञानेश कुमार एक संयुक्त उद्यम कंपनी हैं। उन्होंने मिलकर बंगाल चुनाव लूटा है। अगर आपमें थोड़ी भी नैतिक शक्ति है, तो हमारा चुनाव वापस कीजिए। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में बस इसी बात पर चर्चा हो रही है कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाल में चुनाव से 7-8 महीने पहले पहले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चिंता जाहिर की थी। बंगाल में कुछ महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षीय शासन को समाप्त करके भाजपा ने पहली बार सत्ता हासिल की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एसआईआर पर मतभेद के दावों के बीच चुनाव आयोग की सफाईः ईसीआई बोला- सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए

नई दिल्ली। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की कार्यप्रणाली और उसकी निष्पक्षता को लेकर देश में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। हाल ही में आई मीडिया रिपोर्टों के बाद यह दावा किया जा रहा है कि आयोग के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सर्वसम्मत नहीं है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दो अन्य चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए कई महत्वपूर्ण आदेश जारी किए।




मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण (एसआईआर), फॉर्म-6 में बदलाव और डिजिटल वोटर डेटा की सुरक्षा से जुड़े इन दावों ने देश के राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है। एक तरफ जहां चुनाव आयोग ने इन आरोपों का खंडन करते हुए सभी फैसले सर्वसम्मति से होने की बात कही है, वहीं पूरे विपक्षी गठबंधन ने मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भारतीय निर्वाचन आयोग में मुख्य रूप से तीन अधिकारी होते हैं, जिनमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो अन्य चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू तथा विवेक जोशी शामिल हैं। नियमानुसार आयोग का कोई भी बड़ा फैसला तीनों अधिकारियों के हस्ताक्षर या फिर कम से कम दो अधिकारियों की सहमति से ही पास होता है। अंदरूनी मतभेद की खबरें सामने आने के बाद आयोग ने स्पष्टीकरण दिया कि किसी भी संस्था में अलग-अलग राय होना स्वाभाविक है, लेकिन अंतिम फैसला हमेशा सबकी सहमति से ही होता है। आयोग से जुड़े सूत्रों का यह भी कहना है कि किसी भी चुनाव आयुक्त ने कोई आधिकारिक आपत्ति या विरोध (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वोटर लिस्ट से नाम हटाकर चुनाव जीतने का आरोप बेबुनियाद, संबित पात्रा का विपक्ष पर करारा हमला

नई दिल्ली। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) की एसआईआर (एसआईआर) प्रक्रियाओं को लेकर मीडिया में आई खबरों और विपक्ष के आरोपों के बाद देश में नया राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाकर भाजपा को फायदा पहुंचाया गया।



इस विवाद का जवाब देने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आंकड़ों के जरिए विपक्ष के दावों की धज्जियां उड़ाई और चुनाव आयोग में हुई आंतरिक चर्चा को स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया। संबित पात्रा ने विपक्ष के आरोपों को पूरी तरह नकारते हुए कहा कि यह दावा बिल्कुल गलत है कि वोटर लिस्ट से नाम हटने से भाजपा को चुनाव में फायदा हुआ। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि बंगाल की जिन 20 विधानसभा सीटों पर सबसे अधिक वोट काटे गए थे, उनमें से 13 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को केवल 6 सीटों पर ही जीत मिली। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वोटरों के नाम हटने से भाजपा को फायदा मिल रहा था, तो ज्यादातर सीटों पर टीएमसी की जीत कैसे हुई। अपनी बात को साबित करने के लिए पात्रा ने मुर्शिदाबाद जिले की समशेरगंज विधानसभा सीट का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद इस अकेली सीट से 91,712 मतदाताओं के नाम हटाए गए थे, जो पूरी सीट के कुल मतदाताओं का एक-तिहाई से भी अधिक था और पूरे बंगाल में सबसे बड़ी संख्या थी। इसके बावजूद, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## स्मृति ईरानी छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी बनीं: हरियाणा का भी प्रभार, सिद्धार्थ शंभू सह प्रभारी बनाए गए

नई दिल्ली। स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। उन्हें हरियाणा का भी प्रभार दिया गया है, जबकि सिद्धार्थ शंभु को सह प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। इससे पहले भाजपा की नई टीम में स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया था। संगठनात्मक राजनीति में उनकी सक्रिय भूमिका और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान को देखते हुए उन्हें महत्वपूर्ण राज्यों की जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा थी। सुनील बंसल को तेलंगाना और पश्चिम बंगाल, गजेंद्र पटेल को झारखंड और हरीश द्विवेदी को बिहार और कर्नाटक की जिम्मेदारी दी गई है। डी. पुरंदेश्वरी के बाद स्मृति ईरानी छत्तीसगढ़ बीजेपी की दूसरी महिला प्रदेश प्रभारी हैं। इसके अलावा भाजपा ने छत्तीसगढ़ के 2 नेताओं को दूसरे राज्यों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पार्टी ने छत्तीसगढ़ के पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक गोमती साय को गुजरात का सह-प्रभारी बनाया है। वहीं, अकलतरा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह को झारखंड का सह-प्रभारी बनाया गया है।



**गोमती को गुजरात, सौरभ को झारखंड में जिम्मेदारी**

### छत्तीसगढ़-हरियाणा की जिम्मेदारी स्मृति ईरानी को

स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ और हरियाणा, दोनों राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में उनके साथ सिद्धार्थ शम्भू और हरियाणा में डॉ. भोला सिंह सह-प्रभारी होंगे। उत्तर प्रदेश में विनोद तावड़े को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ जगदीश पटेल, मेधा कुलकर्णी, डॉ. प्रदीप वर्मा और अनंत ओझा सह-प्रभारी होंगे। राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय करने के साथ बीजेपी ने केंद्रीय संचार और मीडिया विभाग में भी नियुक्तियां की हैं। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अनिल बलूनी को संचार विभाग का समन्वयक और आशीष उषा अग्रवाल को मीडिया विभाग का संयोजक नियुक्त किया गया है। ये नियुक्तियां भी तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

## 1 करोड़ के स्वर्ण मुकुट से सजे रायपुर के गणपतिः 750 ग्राम सोने-रत्नों से जड़ा

रायपुर। रायपुर का गोलबाजार गणेशोत्सव इस बार भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति की ओर से भगवान गणपति का स्वर्ण श्रृंगार किया गया है। गणपति को करीब 1 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का सोने और रत्नों से जड़ा मुकुट पहनाया गया है। इस मुकुट का वजन 750 ग्राम है।



**दर्शन को रात 4 बजे तक उमड़ रही भीड़**

गणपति के इस खास स्वर्ण श्रृंगार के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि देर रात के बाद भी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कम नहीं होती। यहां सुबह करीब 4 बजे तक दर्शन का सिलसिला जारी रहता है। समिति के मुताबिक, गणपति को स्वर्ण मुकुट पहनाने की परंपरा 2018 से निभाई जा रही है। हर साल यहां बड़ी संख्या में नेता और जनप्रतिनिधि भी गणपति के दर्शन के लिए पहुंचते हैं भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन कुमार साय ने गोलबाजार पहुंचकर श्री गणेश जी को स्वर्ण मुकुट धारण कराया और आरती-पूजन किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन कुमार साय ने गोलबाजार पहुंचकर श्री गणेश जी को स्वर्ण मुकुट धारण कराया और आरती-पूजन किया।(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में पुलिस ने 8 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में पेश की चार्जशीट

नई दिल्ली। अयोध्या के राम मंदिर में दान राशि में हुई आर्थिक अनियमितता और चोरी के हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस ने कानूनी शिकंजा मजबूत कर लिया है। विशेष जांच टीम ने निष्पक्ष विवेचना का दावा करते हुए जेल में बंद सभी 8 अभियुक्तों के विरुद्ध अदालत में औपचारिक चार्जशीट दाखिल कर दी। तय मियाद के अंदर आरोप पत्र पेश किए जाने से अब आरोपियों को प्रक्रियात्मक खामी का लाभ उठाकर स्वतः जमानत मिलने की कानूनी राह पूरी तरह बंद हो चुकी है।



### न्यायिक रुख सख्तः 6 आरोपियों की जमानत अर्जी पहले ही हो चुकी है खारिज

अदालत इस पूरे प्रकरण में शुरुआत से ही कड़ा रुख अपना रही है। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) रजत वर्मा की अदालत ने मंगलवार को मामले में निरुद्ध तीन प्रमुख आरोपियों अनुकल्प मिश्र, करुणेश पांडेय और लवकुश मिश्र की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इससे पूर्व सोमवार को न्यायालय ने तीन अन्य अभियुक्तों अविनाश शुक्ल, रमाशंकर मिश्र और मनीष यादव की अर्जियों को भी खारिज कर दिया था। शेष दो आरोपियों रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और सुभाषचंद्र श्रीवास्तव की जमानत पर सुनवाई की प्रक्रिया जारी है।

### कचहरी में गहमागहमीः चार्जशीट के विरोध में वकीलों की नारेबाजी और कार्य बहिष्कार

अदालत में जैसे ही पुलिस द्वारा चार्जशीट दाखिल किए जाने की सूचना फैली, अयोध्या बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने तीखा विरोध दर्ज कराया। वकीलों ने न्यायिक कार्य का पूर्ण बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना उनकी कानूनी आपत्तियों की सुनवाई किए जल्दबाजी में चार्जशीट दाखिल की है। इस विरोध प्रदर्शन के चलते काफी समय तक कोर्ट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मेघालय में भाजपा का बड़ा सियासी दांव- यूडीपी के 8 विधायक बीजेपी में शामिल, दो से 10 हुई विधायकों की संख्या

नई दिल्ली। मेघालय में क्षेत्रीय राजनीति को बड़ा झटका देते हुए यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के आठ प्रमुख विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा की मौजूदगी में इन सभी नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पूर्वोत्तर में भाजपा के विस्तार की दिशा में इसे एक बड़ा राजनीतिक कदम माना जा रहा है।




8 नए विधायकों के आने से राज्य विधानसभा में भाजपा न केवल पहले से अधिक शक्तिशाली हुई है, बल्कि सदन के भीतर उसका राजनीतिक वजन भी काफी बढ़ गया है। भाजपा में शामिल होने वाले आठ विधायकों में लखमेन रिम्बुई, पायस मारवेन, किर्मेन श्यल्ला, मायरालबॉर्न सिएम, मैथ्यू कुर्बाह, ओलन सिंह सुइन, बालाजीड कुपार सिनरेम और सिनशर लिंगडोह थबाह शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने नई दिल्ली में पूरी औपचारिकता के साथ पार्टी की सदस्यता ली। इनके आने से मेघालय की प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी यूडीपी को तगड़ा झटका लगा है और विधानसभा में उसके पास विधायकों का आंकड़ा काफी घट गया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी आठों विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष लगाव और पिछले 12 वर्षों में हुआ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास इस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हम आतंकवाद के शिकारः यूएन में पेजेशकियान का ट्रंप पर निशाना, मिनाब स्कूल हमले की तस्वीरें भी दिखाई

मैनहैटन। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। मसूद पेजेश्कियान ने ट्रंप पर पलटवार करते हुए ईरान को आतंकवादी देश कहे जाने वाला बयान खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ईरान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है। इसी के साथ उन्होंने अमेरिका और इस्राइल पर ईरानी क्षेत्र में हमले करने का आरोप लगाया।



पेजेश्कियान ने कहा, कल अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमें आतंकवादी बताया। हम आतंकवाद के शिकार रहे हैं। पेजेश्कियान ने अपने संबोधन के दौरान मिनाब स्कूल हमले के पीड़ितों की तस्वीरें भी दिखाईं। उन्होंने इन तस्वीरों के जरिए संघर्ष में मारे गए निर्दोष नागरिकों का मुद्दा उठाया। ईरानी राष्ट्रपति ने ईरानी नागरिकों पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए कब्रों और बच्चों समेत अन्य पीड़ितों की तस्वीरें दिखाईं। ईरानी राष्ट्रपति ने अपना पक्ष रखते हुए ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के साथ ईरानी नागरिकों और संस्थानों पर हुए हमलों का भी जिक्र किया। पेजेश्कियान ने कहा, मैं ऐसे ईरान से आता हूं, जहां हमारे सम्मानित सर्वोच्च नेता की बिना किसी कानूनी प्रक्रिया या कारण के हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा, मैं ऐसे ईरान से आता हूं, जहां वास्तव में एक स्कूल पर बम गिराया गया। आप इन बच्चों को देख रहे हैं? ये बच्चे अमेरिका और इस्राइल द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियारों से किए गए बम हमलों में मारे गए। उन्होंने कहा, वे निर्दोष थे और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ई-कॉमर्स क्षेत्र के दिग्गजों पर एफएसएसएआई का शिकंजा : अमेजन, स्विगी समेत कई पर होगी कार्रवाई

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने देश की कई बड़ी ऑनलाइन व्यापार और खाद्य वितरण कंपनियों पर कड़ा रुख अपनाया है। अमेजन, स्विगी, इंस्टामार्ट, बिगबास्केट, फ्लिपकार्ट इंडिया और ज़ेप्टो जैसी कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। यह कार्रवाई विभिन्न नियमों के उल्लंघन के आरोप में की गई है।




एफएसएसएआई ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। नियामक ने बताया कि इन मंचों पर उत्पादों के संबंध में भ्रामक दावे किए जा रहे थे। साथ ही, प्रतिबंधित खाद्य उत्पादों की बिक्री भी की जा रही थी। एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से इस बड़ी कार्रवाई की सूचना दी। इसमें नियामक ने साफ किया कि ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा नियामक नियमों का उल्लंघन किया गया है।

इन उल्लंघनों में उत्पादों की गलत ब्रांडिंग और उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले दावे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधित या जहरीले खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन और उनकी बिक्री भी पाई गई है। पिछले छह महीनों से एफएसएसएआई ने खाद्य कारोबार संचालकों (एफबीओ) और ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ अपनी कार्रवाइयों को तेज किया है। नियामक इन कार्रवाइयों और उनके परिणामों के बारे में उपभोक्ताओं को सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से लगातार सूचित कर रहा है। ई-कॉमर्स मंचों पर कई तरह की अनियमितताएं सामने आई हैं। इनमें सबसे प्रमुख उत्पादों की गलत ब्रांडिंग का मामला है। कंपनियों द्वारा ऐसे दावे किए जा रहे थे जो ग्राहकों को गुमराह (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### आज से 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 24 से 27 सितंबर तक राजनांदगांव जिले आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 5 संभाग बस्तर, बिलासुपर, सरगुजा, रायपुर एवं मेजबान दुर्ग के लगभग 650 प्रतिभागी, अधिकारी, कोच मैनेजर शामिल होंगे। प्रतियोगिता में हॉकी (बालक-बालिका 17 वर्ष), योगा (बालक-बालिका 14, 17, 19 वर्ष), बैडमिंटन (बालक-बालिका 14 वर्ष), क्रिकेट (बालक 19 वर्ष) खेलों का आयोजन होगा। बैडमिंटन, योगा एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम एवं हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन गुरूनानक स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह का आयोजन 24 सितम्बर 2026 को सुबह 10 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव के इण्डोर हॉल में आयोजित की गई है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, अध्यक्ष नगर पालिक निगम टोपेन्द्र पारस वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, सचिव दिग्विजय स्टेडियम समिति रमेश पटेल, अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ सुशील कोठारी, सभापति शिक्षा समिति नगर पालिक निगम आलोक श्रोती, पार्षद वार्ड क्रमांक 22 नगर पालिक निगम राजनांदगांव श्रीमती प्रयंका कुरंजेकर उपस्थित रहेंगे।

### गौतमी रामटेके का हुआ गाउन-बैंड सेरेमनी, विधि के क्षेत्र में परिवार की नई पीढ़ी ने रखा कदम



राजनांदगांव (दावा)। विधि के क्षेत्र में रामटेके परिवार की नई पीढ़ी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। गौतमी रामटेके के अधिवक्ता बनने पर परिवार व समाज में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। इस गौरवशाली अवसर पर परिवार द्वारा पारंपरिक गाउन एवं बैंड सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें परिजनों, समाजजनों और शुभचिंतकों ने शामिल होकर गौतमी को बधाई दी।

गौरतलब है कि गौतमी रामटेके के पिता लवकुमार रामटेके एवं माता श्रीमती दीपा रामटेके दोनों छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं। माता-पिता के विधि व्यवसाय से जुड़े होने के बाद अब गौतमी का भी अधिवक्ता के रूप में न्याय के क्षेत्र में प्रवेश करना परिवार के लिए दोहरी खुशी और गर्व का विषय बन गया है। समारोह में परिवार के वरिष्ठजन, नाना-नानी, दादी, मामा-मामी, मौसी, फूफा, भाई-बहन सहित समाज के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर गौतमी के सफल विधिक करियर की कामना की। परिजनों ने कहा कि यह पल परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं के लिए भी प्रेरणादायी है। इस अवसर पर गौतमी रामटेके ने अपने दायित्वों के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए विधि के शासन, न्याय और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने का संकल्प दोहराया।


### लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले पर पुलिस की कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। गणेशोत्सव पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस चौकी चिचोला द्वारा असामाजिक व उपद्रवी तत्वों पर लगातार पैनी निगरानी रखी जा रही है। माहौल बिगाड़ने अथवा शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध पुलिस त्वरित और सख्त कदम उठा रही है। इसी कड़ी में गितेश उर्फ जीतू मानिकपुरी पिता स्व. रामकुमार मानिकपुरी निवासी उरईडबरी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी सार्वजनिक स्थल पर लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने पर आमादा था। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी चिचोला ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (एसडीएम कोर्ट) छुरिया के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।




dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय:- 12:00, 03:00 06:00 व रात 09:00 बजे
हनुमान अंश


टिकट दर बालकनी 100/-
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

## विसर्जन झांकियों में होंगे जगन्नाथ के दर्शन, त्रिदेव संग बिखरेंगे होली के रंग

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी इन दिनों गणेशोत्सव के उल्लास और भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर है। शाम ढलते ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और गलियों में दर्शनार्थियों का तांता लग रहा है। बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हो रहा है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों और पड़ोसी जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग बप्पा के दर्शन और पंडालों में वितरित हो रहे विविध प्रसादों का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। 11 दिवसीय इस पावन गणेशोत्सव का औपचारिक समापन 25 सितंबर को होगा, जिसकी रात संस्कारधानी की सड़कों पर तीन दर्जन से अधिक भव्य एवं नयनाभिराम विसर्जन झांकियां निकलेंगी।

### सुमति मंडल की झांकी में जगन्नाथ पुरी का वैभव

इस वर्ष विसर्जन झांकियों में ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ महाप्रभु के प्रसंग पर आधारित झांकी मुख्य आकर्षण होगी। शहर की 104 वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित समिति सुमति मंडल द्वारा यह अनूठी झांकी तैयार कराई गई है। तीन डेकर में सुसज्जित इस झांकी में महाप्रभु जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के काष्ठ निर्माण से लेकर मंदिर निर्माण तक के कथानक को चलित (मूविंग) प्रतिमाओं के जरिए जीवंत किया जाएगा। झांकी के साथ श्रद्धालुओं को जगन्नाथ जी का पारंपरिक 'गजामूंग' प्रसाद भी वितरित किया जाएगा।





- सुमति मंडल प्रस्तुत करेगा जगन्नाथपुरी प्रसंग, श्रद्धालुओं को मिलेगी गजामूंग की महाप्रसादी
- बाल समाज की झांकी में दिखेगी राधा-कृष्ण की होली, उमंग समिति कराएगी त्रिदेव दर्शन

### लालबाग में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

विसर्जन से पूर्व लालबाग स्थित सिंधु कॉलोनी में जगन्नाथ महाप्रभु पर केंद्रित स्थल झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बनी हुई है। चलित प्रतिमाओं के माध्यम से पुरी धाम की महिमा का दर्शन कर लोग भाव-विभोर हो रहे हैं। इन दिनों लोकप्रिय भजन जगन्नाथ चका नयन नीलांचल वाले... की धुन पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है।

### राधा-कृष्ण की होली और त्रिदेव के दर्शन

25 सितंबर की रात निकलने वाले कारवां में धार्मिक, पौराणिक, देशभक्ति और पर्यावरण संदेशों का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। बाल समाज समिति शहर की सबसे पुरानी समितियों में शुमार बाल समाज द्वारा भगवान श्री राधा-कृष्ण के रंग-गुलाल से सराबोर होली उत्सव का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। उमंग गणेशोत्सव समिति द्वारा ब्रह्मा, विष्णु और महेश के दिव्य 'त्रिदेव दर्शन' के साथ-साथ छत्तीसगढ़ महतारी और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरक झांकी प्रदर्शित की जाएगी। संस्कारधानी की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी स्थानीय व आसपास के कलाकारों द्वारा गढ़ी गई ये झांकियां श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



डोंगरगढ़ (दावा)। फेसबुक पर दोस्ती कर शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को डोंगरगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। डोंगरगढ़ थाना प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) सुमन जायसवाल ने बताया कि पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में फेसबुक के माध्यम से उसकी पहचान आरोपी रोशन सोमुनिया (32 वर्ष), पिता महेश सोमानिया, निवासी गोकुल नगर बल्लारपुर (शिव मंदिर के पास), जिला चंद्रपुर (महाराष्ट्र) से हुई थी। आरोपी ने पहले फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और बातचीत के दौरान पीड़िता के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। जिस पर पीड़िता ने सहमति दे दी।

### होटलों में ठहराकर बनाए संबंध, बाद में शादी से मुकरा

लगातार बातचीत के बाद आरोपी ने पीड़िता को मिलने के लिए डोंगरगढ़ बुलाया। 30 नवंबर 2025 को दोनों की मुलाकात हुई और वे रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल अशोका लॉज में रुके। शादी का पक्का भरोसा दिलाकर आरोपी ने युवती से शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वे होटल सागर पैलेस में भी ठहरे और करीब तीन दिनों तक साथ रहे। डोंगरगढ़ से वापस लौटने के बाद भी दोनों में संपर्क बना रहा। आरोपी ने पीड़िता के परिजनों से भी बातचीत कर जल्द ही अपने परिवार को शादी का रिश्ता लेकर भेजने का झांसा दिया। हालांकि 20 अप्रैल 2026 को आरोपी ने फोन कर शादी करने से साफ इंकार कर दिया और पीड़िता से किसी अन्य से शादी करने की बात कही। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी रोशन सोमुनिया को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। धोखाधड़ी और शारीरिक शोषण का अहसास होने पर पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। पीड़िता की रिपोर्ट पर डोंगरगढ़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 365/2026, भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

## आजाद चौक की मनोहारी गणेश प्रतिमा देखने उमड़ रही भीड़, 80 वर्षों से चली आ रही गौरवशाली परंपरा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल आजाद चौक में विराजित भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा एवं आकर्षक झांकी दर्शन के लिए धर्मप्रेमी नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। संस्कारधानी के प्रमुख गणेशोत्सवों में आजाद चौक का अपना एक ऐतिहासिक और विशिष्ट स्थान है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा प्रारंभ किए गए सार्वजनिक गणेशोत्सव के राष्ट्रीय संकल्प को आत्मसात करते हुए आजाद युवा गणेश उत्सव समिति द्वारा यहां पिछले 80 वर्षों से निरंतर श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ यह पर्व मनाया जा रहा है। देश की आजादी के आंदोलन के दौर से ही यह चौक देशभक्तों की गतिविधियों और जनआंदोलनों का मुख्य केंद्र रहा है। राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात कवि सम्मेलनों का गवाह बनने के कारण ही इसे आजाद चौक की ऐतिहासिक पहचान मिली। यहां गणेशोत्सव की सुदीर्घ परंपरा की नींव रखने में जैनु भाई, सुंदरलाल ठक्कर, देवी शरण खंडेलवाल, दुर्गा शरण गुप्ता, स्वर्गीय गिरधारी लाल अग्रहरि, सचिन अग्रहरि और भावेश बैद सहित अनेक वरिष्ठ गणेश भक्तों का अविस्मरणीय योगदान रहा है।

वरिष्ठों द्वारा रोपे गए इस पौधे को अब वटवृक्ष का रूप देते हुए आजाद युवा गणेश उत्सव समिति के युवा पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ इस गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। समिति में दीपक गिडिया, नितिन गुप्ता, पंकज खंडेलवाल, सिद्धेश बरडिया, अतिन जैन, शंकर खंडेलवाल, डॉ. सुरभि मोहबे, नयन कोठारी, स्वप्निल गुप्ता, हिमांशु अग्रहरि, पिंटू गुप्ता, उमेश मौर्य, शैलेश गुप्ता, निशांत ओस्तवाल, रीतेश लोढ़ा, चैतन्य जैन, जैनम बैद और शैलेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में युवा सक्रिय रूप से व्यवस्था संभाल रहे हैं।

### 18 फीट की दिव्य प्रतिमा, 9 माह में हुई तैयार

आजाद चौक में स्थापित 18 फीट ऊंची भगवान श्री गणेश की दिव्य व भव्य प्रतिमा इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। छत्तीसगढ़ के ख्यातिनाम मूर्तिकार बालम चक्रधारी द्वारा 9 माह के अथक परिश्रम से इस प्रतिमा को जीवंत आकार दिया गया है। समिति के सक्रिय सदस्य पंकज खंडेलवाल ने बताया कि पूर्वजों द्वारा शुरू किए गए इस उत्सव को आज युवा पीढ़ी वरिष्ठों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से दोगुने उत्साह के साथ मना रही है।

## आज उदयाचल में विशेष गठिया वात रोग जांच शिविर, रायपुर की विशेषज्ञ डॉ. जूही दीक्षित देंगी परामर्श

**जोड़ों व कमर दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए सुनहरा अवसर, सीमित सीटों के लिए अग्रिम पंजीयन शुरू**

राजनांदगांव (दावा)। उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट तथा एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 24 सितंबर को शहर में एक दिवसीय विशेष गठिया वात रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में गठिया (आर्थराइटिस), जोड़ों के दर्द व सूजन, लगातार कमर दर्द, घुटनों की जटिल समस्या, स्पॉन्डिलाइटिस, यूरिक एसिड बढ़ने तथा ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित मरीजों की विस्तृत चिकित्सकीय जांच की जाएगी। इस दौरान रायपुर की विख्यात रूमेटोलॉजिस्ट (वात रोग विशेषज्ञ) डॉ. जूही दीक्षित उपस्थित रहकर मरीजों को उचित परामर्श और उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। उदयाचल के जनसंपर्क प्रभारी गुरदीप बग्गा ने बताया कि संस्थान द्वारा समय-समय पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों का लाभ सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को मिलता रहा है। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए इस विशेषज्ञ शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### सीमित पंजीयन, पुरानी रिपोर्ट साथ लाने का आग्रह

मरीजों की सुचारू जांच और पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से शिविर में पंजीयन सीमित रखा गया है। परामर्श प्राप्त करने के इच्छुक मरीज उदयाचल की नई बिल्डिंग स्थित कक्ष क्रमांक 9 एवं 10 में संपर्क कर अपना अग्रिम पंजीयन करा सकते हैं। प्रबंधन ने परामर्श हेतु आने वाले मरीजों से आग्रह किया है कि वे अपने साथ पूर्व की जांच रिपोर्ट एवं चिकित्सकीय पर्चे अनिवार्य रूप से लेकर आएं।

## राज्यस्तरीय 'स्विमथान' तैराकी स्पर्धा संपन्न : बिलासपुर की होनहार तैराक आराध्या सिंह परिहार ने जीते दो पदक



राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय स्टेडियम स्थित गौरव पथ अक्षत/आक्षांश इंटरनेशनल स्विमिंग पूल में 20 सितंबर को एक दिवसीय राज्यस्तरीय 'स्विमथान' तैराकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से पहुंचे 250 से अधिक तैराकों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 8 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न आयु वर्गों में मुकाबले आयोजित किए गए। स्पर्धा में दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, कवर्धा, राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, रायगढ़, कोरबा और अंबिकापुर सहित कई जिलों के खिलाड़ियों ने जोर-आजमाइश की।

### बिलासपुर की आराध्या सिंह परिहार का शानदार प्रदर्शन

इस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति बिलासपुर की प्रतिभावान छात्रा आराध्या सिंह परिहार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले व समाज का नाम रोशन किया। आराध्या ने 50 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में भी शानदार गति दिखाते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर पदक अपने नाम किया। आराध्या रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय में पदस्थ सहायक चिंतामणि सिंह परिहार की सुपुत्री हैं।

### सांसद संतोष पांडेय ने किया पुरस्कृत

समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडेय रहे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाडयों को मेडल, पुरस्कार और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीनियर तैराकी प्रशिक्षक बद्री प्रसाद गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। आराध्या की इस दोहरी सफलता पर राजपूत क्षत्रिय महासभा (1282) उपसमिति बिलासपुर जोन, खेल प्रेमियों और परिजनों ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : कलेक्टर



आंगनबाड़ी केंद्र बघेरा का किया औचक निरीक्षण, भोजन की गुणवत्ता व पौष्टिकता पर दिया विशेष जोर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बघेरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में बच्चों के पोषण स्तर, स्वास्थ्य सुविधाओं और दैनिक गतिविधियों का बारीकी से जायजा लेते हुए कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी में तैयार होने वाले भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए कहा कि बच्चों के भोजन में तेल और मसालों का न्यूनतम उपयोग किया जाए। भोजन पूरी तरह सुपाच्य, संतुलित और पौष्टिक होना चाहिए। बच्चों के आहार की पौष्टिकता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी परिसर के समीप रिक्त भूमि पर तत्काल पोषण वाटिका तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाटिका में मुनगा (सहजन), हरी पत्तेदार सब्जियां एवं अन्य पोषक फल-सब्जियों के पौधे रोपे जाएं। वाटिका की नियमित देखभाल सुनिश्चित करते हुए बच्चों व अभिभावकों को भी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक आहार के महत्व से अवगत कराया जाए। केंद्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास और खेल-खेल में सीखने के लिए पर्याप्त खेल सामग्री की व्यवस्था पर जोर देते हुए कलेक्टर ने आम नागरिकों से अपील की कि वे जनभागीदारी के तहत बच्चों के लिए खिलौने व खेल सामग्री दान करने आगे आएं। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी में चिन्हित 2 कुपोषित बच्चों की स्थिति पर कलेक्टर ने विशेष संज्ञान लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इन बच्चों को अतिरिक्त पूरक पोषण आहार और विशेष देखभाल उपलब्ध कराई जाए, ताकि आगामी 2 माह के भीतर वे पूरी तरह सामान्य और सुपोषित श्रेणी में आ सकें। बच्चों के वजन और स्वास्थ्य की नियमित ट्रैकिंग करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय सरपंच ने कलेक्टर को अवगत कराया कि ग्राम बघेरा पूरी तरह बाल विवाह मुक्त है। कलेक्टर ने इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सामाजिक जागरूकता को निरंतर बनाए रखा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में भी गांव में बाल विवाह का कोई मामला सामने न आए।

## पार्रीकला निवासी चुन्नुलाल सोनकर ने ब्लड सेंटर पहुंचकर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी



राजनांदगांव (दावा)। मानव सेवा और जरूरतमंद मरीजों की सहायता की भावना को सर्वोपरि रखते हुए ग्राम पार्रीकला निवासी चुन्नु लाल सोनकर ने छठवीं बार स्वैच्छिक रक्तदान कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की है। उन्होंने पावर हाउस रोड स्थित राजनांदगांव ब्लड सेंटर पहुंचकर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। लंबे समय से समय-समय पर रक्तदान कर रहे चुन्नु लाल सोनकर ने कहा कि रक्तदान किसी भी गंभीर मरीज के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकता है। दुर्घटना, गंभीर बीमारियों, प्रसव और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे नाजुक समय में रक्तदाताओं का एक छोटा सा प्रयास किसी का जीवन बचा सकता है। उन्होंने स्वस्थ नागरिकों से समाजहित में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है, इसलिए सभी सक्षम लोगों को नियमित अंतराल पर स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। छठवीं बार रक्तदान कर सोनकर ने न केवल एक सजग नागरिक का दायित्व निभाया, बल्कि समाज को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया।

**भूखंड बेचना है**

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड रिहायशी क्षेत्र शांतिनगर गली क्रमांक-3 राजनांदगाव में ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।
नोट:- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।

**शुभांक**

बी. के.
3-4-7
अनुमानित 489-1 146-1
राजधानी
4-7-8
480-2 599-3

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**Name Change**

It is informed to the general public that I Anil Kumar Tiwari S/O Late Shri Chandra Shekhar Tiwari Resident Of H. No. 50, Street No. 04 Shiv Nath Colony, Ward No. 30, Rajnandgaon (C.G.) 491441. I have Changed my old Name ANIL Kumar Tiwari S/O Late Shri Chandra Shekhar Tiwari, So in future I should be recognized by My New Name that is Anil Tiwari S/O Late Shri Chandra Shekhar Tiwari in all government and other documents.

ANIL TIWARI
H.No. 50, Street No. 04
Shiv Nath Colony,
Ward No. 30, Rajnandgaon
(C. G.) 491441

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **फुलेसर पिता-सखाराम पति-हेमसिंग साहू** जाति-तेली निवासी ग्राम सांगीनकछार, आसरा, वार्ड नं. 07, तह. डोंगरगांव,जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)। पिन नं. 491558 की निवासी हूं। जो मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **हेमिन बाई साहू Hemin Bai Sahu** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से ग्राम तोयागोंदी प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. बांधाबाजार तह.-अं. चौकी में भूमि हैं। जिसमें नाम के स्थान **फुलेसर FULESHAR** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **हेमिन बाई साहू Hemin Bai Sahu** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **फुलेसर FULESHAR** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थान:-डोंगरगांव, दिनांक:-23/09/2026

आवेदिका
फुलेसर
निवासी ग्राम संगीन कछार,
तह. डोगरगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रीतू राम साहू (RITU RAM SAHU) सुपुत्री- साक्षी (SAKSHI) पता-मकान नं.19 वार्ड नं. 10 ग्राम मालाड़बरी, पोस्ट भैंसातरा तह. घुमका, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूं।
मैंने अपने सुपुत्री का पुराना नाम **साक्षी साहू (SAKCHHI SAHU)** को बदलकर नया नाम साक्षी ( **SAKSHI**) रख लिया हूं। अतः सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे और मेरे सुपुत्री को नये नाम साक्षी ( **SAKSHI**) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जावे।

रीतू राम साहू
(RITU RAM SAHU)
पता- मकान नं. 19, वार्ड नं. 10
ग्राम मालाड़बरी, पोस्ट- भैंसातरा
तह.-घुमका,जिला- राजनांदगांव(छ.ग.)

अपर कलेक्टर ए
जिला विवाह अधि
राजनांदगांव (छ

# गणपति दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़, अमरनाथ झांकी ने जीता शहरवासियों का दिल

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में गणेशोत्सव की भक्ति लहर लगातार दिखाई दे रही है। सहदेव नगर स्थित श्री सेवा समिति के गणेश पंडाल में भगवान श्री गणेश के दर्शन और अमरनाथ दर्शन पर आधारित स्थल झांकी देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक बच्चे, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग परिवार सहित पंडाल पहुंच रहे हैं। झांकी देखने के बाद लोग इसकी सजावट और प्रस्तुति की जमकर सराहना कर रहे हैं।



**आज महाआरती और कल हवन-पूजन व भंडारा**

### लोगों को लुभा रही अमरनाथ झांकी

इस वर्ष तैयार की गई अमरनाथ दर्शन की झांकी श्रद्धालुओं और शहरवासियों के लिए खास आकर्षण बनी हुई है। झांकी की बारीक सजावट, धार्मिक स्वरूप और आकर्षक प्रस्तुति लोगों को अपनी ओर खींच रही है। बड़ी संख्या में लोग झांकी को अपने मोबाइल कैमरे में कैद करते नजर आ रहे हैं। दर्शकों का कहना है कि झांकी को बेहद आकर्षक तरीके से तैयार किया गया है।

### गणपति दर्शन और सजावट से मंत्रमुग्ध श्रद्धालु

पंडाल में भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा के दर्शन के साथ की गई आकर्षक सजावट भी लोगों का ध्यान खींच रही है। रंग-बिरंगी रोशनी और पंडाल की भव्यता देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध नजर आ रहे हैं। शाम के समय रोशनी से सजा पूरा परिसर विशेष आकर्षण पैदा करता है।

### 44 वर्षों से जारी है गणेशोत्सव की परंपरा

श्री सेवा समिति पिछले 44 वर्षों से गणेशोत्सव का आयोजन करती आ रही है। समिति वर्षभर हनुमान जयंती, महाशिवरात्रि, भागवत कथा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का प्रयास करती है। गणेशोत्सव में भी हर वर्ष कुछ नया करने की परंपरा समिति ने कायम रखी है।

### कोलकाता के कारीगरों ने एक माह से अधिक की मेहनत

इस वर्ष पंडाल को भव्य स्वरूप देने के लिए कोलकाता से आए कारीगरों ने एक माह से अधिक समय तक मेहनत की। आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और झांकी की कलात्मक प्रस्तुति पंडाल की खूबसूरती बढ़ा रही है। पंडाल के बाहर बच्चों के लिए झूले, खान-पान के स्टॉल तथा महिलाओं और परिवारों के लिए विभिन्न सामग्री के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

### अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने जताया आभार

श्री सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने कहा कि 44 वर्षों से चली आ रही गणेशोत्सव की परंपरा शहरवासियों के सहयोग और श्रद्धालुओं के आशीर्वाद से निरंतर आगे बढ़ रही है। इस बार भी धार्मिक आयोजन के साथ लोगों और परिवारों को अच्छा माहौल देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों, कारीगरों और शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। अमरनाथ झांकी देखने उमड़ रही भीड़ और श्रद्धालुओं की लगातार मिल रही सराहना से सहदेव नगर का यह गणेश पंडाल इन दिनों आस्था, आकर्षण और उत्सव का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

### समापन से पहले होंगे विशेष धार्मिक आयोजन

गणेशोत्सव के अंतिम दिनों में समिति द्वारा कई विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**23 सितंबर, बुधवार - छप्पन भोग**

भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग अर्पित किया गया।

**24 सितंबर, गुरुवार - महाआरती**

विशेष महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

**25 सितंबर, शुक्रवार - हवन-पूजन एवं भंडारा**

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर हवन-पूजन किया जाएगा। इसके बाद शाम से गणपति विसर्जन तक श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल : डीपीएस राजनांदगांव की बेटियों का जलवा, केरल, कतर और ओमान को दी करारी शिकस्त



**सर्वज्ञ राव एकेडमी की 36 खिलाड़ी राष्ट्रीय पटल पर बिखेर रहीं अपनी चमक**

राजनांदगांव (दावा)। सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेडमी के खिलाड़ियों से सजी दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) राजनांदगांव की अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका टीमों ने धमाकेदार आगाज किया है। टीमों ने अपने शुरुआती लीग मुकाबलों में एकतरफा जीत दर्ज कर विरोधी टीमों को पस्त कर दिया। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्पर्धा में एकेडमी की कुल 36 बालिका खिलाड़ी भाग ले रही हैं। जो रेवाडीह स्थित एकेडमी मैदान में कड़ा अभ्यास करती हैं।

### अंडर-14 व अंडर-17 में एकतरफा जीत

अंडर-14 बालिका वर्ग के मुकाबले में डीपीएस राजनांदगांव ने डॉ. राजू डेविस इंटरनेशनल स्कूल (त्रिशूर, केरल) को 29-06 अंकों के विशाल अंतर से मात दी। वहीं, अंडर-17 बालिका वर्ग में टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिरकत कर रही राजगिरी पब्लिक स्कूल (कतर) की टीम को 30-03 के भारी अंतर से रौंदते हुए शानदार शुरुआत की।

### अंडर-19 वर्ग में ओमान और सासाराम को दी मात

अंडर-19 बालिका वर्ग में भी राजनांदगांव की बेटियों का दबदबा बरकरार रहा। टीम ने अपने पहले मैच में इंडियन स्कूल अल वादी अल कदीर (ओमान) को पराजित किया। इसके बाद दूसरे लीग मुकाबले में आक्रामक खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए नारायणा वर्ल्ड स्कूल (सासाराम) को 43-09 अंकों के बड़े अंतर से हराकर अगले दौर में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

### खिलाड़ियों का उम्दा खेल प्रदर्शन

प्रतियोगिता में अंडर-19 कप्तान अंजली कोडापे, अंडर-17 कप्तान दर्शना भट्टाचारजी, सौम्या पांडे, रूमी कोनवर, प्राची सिंह, नंदनी माधो प्रधान, हर्षिता लाहकर, अंशिका तोमर, निवासिनी सिंह, अंजनी, काम्या झा, सोफी सिका, गुरकिरत कौर, सुरूची टोप्पो, तीक्षा कंवर, पावनी कोडापे, मोनिका, शगुन अटवाल, निधी बंधे, जिया हांडे, शेरोन मसीह, गीता मुर्मु, वरुणी, चोसिका, छवि एवं निधी घावडे ने उम्दा खेल कौशल दिखाया। टीमों को अंतरराष्ट्रीय कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच मोहन राम साहू एवं टीम मैनेजर नेहाली देवांगन का मार्गदर्शन मिल रहा है। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर खेलप्रेमियों व विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# गणेश प्रतिमा का समय पर विसर्जन हो, जुलूस में अश्लील गानों से बचें : हिंदू जागरण मंच

**धार्मिक मर्यादा व शालीनता के साथ बप्पा को विदाई देने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। गणेशोत्सव के समापन अवसर पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर हिंदू जागरण मंच ने श्रद्धालुओं एवं समस्त गणेशोत्सव समितियों से धार्मिक मर्यादा, अनुशासन और सौहार्द बनाए रखने की विनम्र अपील की है। मंच ने कहा कि विसर्जन श्रद्धा, आस्था और भक्ति का पर्व है, इसलिए जुलूस को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर पूरे वातावरण को गरिमामय बनाए रखा जाना चाहिए। मंच ने समितियों से आग्रह किया कि विसर्जन का क्रम अनावश्यक रूप से देर रात तक न खींचा जाए। प्रशासन द्वारा तय समय-सीमा व दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और आम नागरिकों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### डीजे पर अश्लील गानों के प्रयोग से बचें

मंच ने विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे और साउंड सिस्टम पर बजने वाले गीतों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का आह्वान किया है। हिंदू जागरण मंच ने स्पष्ट कहा कि धार्मिक आयोजनों में फूहड़, अश्लील और अमर्यादित गीतों का बजना सर्वथा अनुचित है। डीजे पर केवल श्री गणेश वंदना, भजन, भक्ति संगीत और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रचनाएं ही बजाई जाएं, जिससे उत्सव की दिव्यता और पवित्रता अक्षुण्ण रहे। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि बप्पा को विदाई देना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक अत्यंत भावुक व आध्यात्मिक क्षण है। ऐसे में युवाओं को अपने उत्साह के साथ-साथ शालीनता, सामाजिक सौहार्द और मर्यादा का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### प्रशासन से व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की मांग

हिंदू जागरण मंच ने जिला व पुलिस प्रशासन से भी मांग की है कि विसर्जन मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा बल, सुचारू यातायात प्रबंधन, निर्बाध प्रकाश व्यवस्था और जरूरी नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि सभी समितियां सुगमता से प्रतिमाओं का विसर्जन संपन्न कर सकें। साथ ही मंच ने नागरिकों से विसर्जन कुंडों का उपयोग कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

# लघु मंडल कामठी लाइन की अनोखी भंडारा परंपरा, देशभर के कारीगर बना रहे विशेष प्रसाद

**आज तंदूरी रोटी व सेव-टमाटर का प्रसाद, पंजाब से पहुंचे कारीगरों ने लगाई 10 भट्टियां**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की पहचान भव्य गणेश झांकियों के साथ-साथ अब गणेशोत्सव के दौरान होने वाले अनूठे भंडारों से भी मजबूत हो रही है। इसी कड़ी में कामठी लाइन स्थित लघु मंडल का भंडारा अपनी खास परंपरा और विविध व्यंजनों के लिए शहरभर में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। लघु मंडल द्वारा पिछले कई वर्षों से गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को प्रतिदिन अलग-अलग और विशिष्ट व्यंजनों का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। मंडल की ओर से अब तक पाव भाजी, फ्राइड राइस, मंचूरियन और गुजरात का प्रसिद्ध जलेबी-फाफड़ा सहित कई लजीज व्यंजन परोसे जा चुके हैं।

### विभिन्न राज्यों से बुलाए जाते हैं विशेषज्ञ कारीगर

भंडारे में प्रामाणिक स्वाद बनाए रखने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से अनुभवी हलवाइयों और कारीगरों को आमंत्रित किया जाता है। इसी क्रम में आज तंदूरी रोटी और सेव-टमाटर की सब्जी का भंडारा आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए पंजाब से 15 से 20 कारीगर विशेष रूप से पहुंचे हैं। जिन्होंने तंदूरी रोटियां तैयार करने के लिए लगभग 10 पारंपरिक भट्टियां स्थापित की हैं। भंडारे की तैयारियां सुबह 6 बजे से ही शुरू हो जाती हैं। भोजन निर्माण से लेकर वितरण और व्यवस्था संभालने तक, करीब 50 से 70 कारीगर व मंडल के समर्पित कार्यकर्ता देर रात 2 बजे तक सेवा में जुटे रहते हैं।

### सेवा और सांस्कृतिक एकता का संगम

मंडल के सदस्यों का कहना है कि गणेशोत्सव के दौरान दूर-दराज और ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कई ऐसे व्यंजन होते हैं जो सामान्य दिनों में हर परिवार तक आसानी से नहीं पहुंच पाते। ऐसे में भगवान गणेश के दर्शन के साथ श्रद्धालुओं को ये विशेष व्यंजन प्रेमपूर्वक खिलाने से कार्यकर्ताओं को गहरा आत्मिक संतोष मिलता है। विभिन्न राज्यों के खान-पान और स्थानीय सेवाभाव का यह संगम लघु मंडल के भंडारे को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का अनूठा उदाहरण बना रहा है।

# अज़ीज़ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर लहराया परचम, राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ चयन



**पार्थ जैन सोलो सिंगिंग व सीनियर ग्रुप सिंगिंग में स्कूल की टीम रही अव्वल**

राजनांदगांव (दावा)। इंदामारा स्थित अज़ीज़ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय संगीत एवं कला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग सोलो सिंगिंग में पार्थ जैन ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सीनियर वर्ग ग्रुप सिंगिंग में भी स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की की। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजस्थान के जयपुर-लाडनूं स्थित जैन विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। इसके अलावा जूनियर वर्ग के सोलो सिंगिंग में उत्कर्ष श्रीवास्तव ने द्वितीय स्थान तथा जूनियर ग्रुप सिंगिंग में स्कूल की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कला व साहित्य वर्ग में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। जिसमें जूनियर वर्ग की ड्रॉइंग प्रतियोगिता में ख्याति सिन्हा ने तृतीय तथा सीनियर वर्ग निबंध प्रतियोगिता में नव्या साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में संगीत शिक्षक तरुण गोडपायले, श्याम हजरा, एनोस नाग एवं ड्रॉइंग शिक्षिका सुश्री प्रियंका कुर्रे के सतत मार्गदर्शन का अहम योगदान रहा। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती तनाज़ अज़ीज़ एवं प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर ने सभी विजेता प्रतिभागियों व मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित टीम को शुभकामनाएं दीं।

# रॉयल कॉलेज में हिंदी दिवस व 'सेवा संकल्प विकसित भारत' पर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न

- वाद-विवाद में विद्यार्थियों ने रखे प्रभावी तर्क, रंगोली के जरिए दिखाई विकसित भारत की झलक
- बी.एड., बी.एससी. और बी.कॉम. के छात्र-छात्राओं ने दिखाई बौद्धिक व रचनात्मक प्रतिभा

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रॉयल कॉलेज में हिंदी दिवस एवं विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशानुसार 'सेवा संकल्प विकसित भारत' अभियान के तहत विभिन्न बौद्धिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बी.एड., बी.एससी. और बी.कॉम. संकाय के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत 'शिक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी अंग्रेजी से अधिक प्रभावी है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में सशक्त तर्क प्रस्तुत करते हुए शिक्षा में भाषा की सहजता, ग्रहणशीलता और रोजगार के अवसरों से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, शिक्षा के महत्व और विकसित भारत की संकल्पना को जीवंत रूप में उकेरा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल, भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर डॉ. इंद्र कुमार वैष्णव, एडवाइजर इला सिंह, उप-प्राचार्य डॉ. यामिनी साहू, डॉ. संध्या महोबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. मोहबे एवं शशिकला सिंह सहित कॉलेज स्टाफ ने उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन



### बुजुर्गों के सम्मान के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर सभी पालकों को उपहार स्वरूप तुलसी का पौधे भेंट किया गया। विद्यालय की इस पहल के माध्यम से बुजुर्गों के प्रति सम्मान और स्नेह के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

# कायस्थ समाज महिला संगठन का तीज मिलन समारोह संपन्न, प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाया हुनर



**तान्या बनीं तीजा क्वीन, मेहंदी, चूड़ी सज्जा व पाक कला में प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक**

राजनांदगांव (दावा)। कायस्थ समाज महिला संगठन राजनांदगांव के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह का भव्य आयोजन जमात पारा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में उत्साहपूर्वक किया गया। संयोजिका सुश्री उषा श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ करना और महिला प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना रहा। समारोह में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में कन्हा मंडल संयोजिका श्रीमती अर्चना दास एवं समाजसेवी श्रीमती मोना गोसाई उपस्थित रहीं। इस दौरान भजन-संगीत, सरप्राइज गेम्स और विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

तीजा क्वीन में श्रीमती तान्या श्रीवास्तव (प्रथम), श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव (द्वितीय), श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव (तृतीय)। मेहंदी प्रतियोगिता में श्रीमती दिव्या श्रीवास्तव (प्रथम), श्रीमती अलका श्रीवास्तव (द्वितीय), श्रीमती शशिबाला श्रीवास्तव (तृतीय)। चूड़ी सज्जा प्रतियोगिता में श्रीमती चेताली श्रीवास्तव (प्रथम), श्रीमती स्वपनील श्रीवास्तव (द्वितीय), श्रीमती प्रीति खरे (तृतीय)। गुजिया प्रतियोगिता में श्रीमती नीता श्रीवास्तव (प्रथम), श्रीमती मोना अनिल श्रीवास्तव (द्वितीय), श्रीमती नीतू श्रीवास्तव (तृतीय) एवं कढ़ी प्रतियोगिता में श्रीमती सुनीता वर्मा (प्रथम), श्रीमती अलका श्रीवास्तव (द्वितीय), श्रीमती प्रीति खरे (तृतीय) स्थान पर रही। समारोह में महिलाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सक्रिय सहभागिता आकर्षण का केंद्र रहीं। आयोजन के अंत में महिला संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रतिमा अवनिंद्र लाला ने सभी पदाधिकारियों, मातृशक्ति एवं आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग देने वाले सभी स्वजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 'विचारों को कभी मत रोको, बस उन्हें नियंत्रण व सही दिशा दो' : मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी



राजनांदगांव (दावा)। 'अपने विचारों को कभी मत रोको, उसे बहने दो। बस उसे अपने नियंत्रण में रखो और यदि वह अनियंत्रित हो रहा हो तो उसकी दिशा बदल दो।' उक्त प्रेरक उद्गार खरतरगच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। वे स्थानीय जैन बगीचा स्थित ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान श्रद्धालु संगत को संबोधित कर रहे थे।

मुनि श्री ने कहा कि संसार में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं हुआ जो केवल ज्ञान प्राप्त किए बिना अपने दिमाग के समस्त कचरे को पूरी तरह बाहर निकाल सके। ठीक इसी तरह मन में उठने वाले विचारों को भी पूरी तरह रोका नहीं जा सकता। विचार अच्छे हों या बुरे, उन्हें आने दें, किंतु स्वयं पर उनका नियंत्रण न होने दें। बुरे विचारों को नियंत्रित करें और अच्छे विचारों को जीवन में फलने-फूलने दें। उन्होंने आगे कहा कि विचार ही मनुष्य को ऊंचाइयों पर ले जाते हैं और विचार ही पतन का कारण बनते हैं। हमारे जीवन में सारा अंतर विचारों से ही तय होता है। जहां विचार हैं, वहीं मन की प्रक्रिया सक्रिय होती है। मनुष्य के जैसे विचार होंगे। वैसी ही उसकी वाणी, व्यवहार और आचरण ढलते चले जाएंगे।

मन की एकाग्रता पर मार्गदर्शन देते हुए उन्होंने कहा कि लोग अक्सर शिकायत करते हैं कि माला फेरते समय मन नहीं टिकता और वे मन को दोष देने लगते हैं। वास्तव में मन की कोई गलती नहीं होती, वह तो आपके निर्देशों का पालन करता है। यदि आप मान लेते हैं कि मन चंचल है तो वह भटकेगा ही, लेकिन यदि आप दृढ़ संकल्प कर लें तो मन अवश्य स्थिर होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने मन को प्रभु भक्ति में लगाएं और विचारों को सकारात्मक दिशा दें। जिससे जीवन के वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि चातुर्मास प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहकर धर्मलाभ ले रहे हैं।

# तुमड़ीबोड़ : शांति व्यवस्था भंग करने वाले 3 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

राजनांदगांव (दावा)। गणेशोत्सव एवं आगामी विसर्जन पर्व के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से तुमड़ीबोड़ पुलिस ने क्षेत्र में अशांति फैलाने और विवाद पर उतारू तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे ने बताया कि असामाजिक तत्वों, गुंडे-बदमाशों व शांति भंग करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत 23 सितंबर को पुलिस टीम ग्राम तुमड़ीबोड़ में पूर्व में आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध आरोपियों व अन्य संदिग्धों की जांच-पड़ताल कर रही थी। इस दौरान तीन व्यक्ति पुलिस में शिकायत करने की बात को लेकर गवाहों व साक्षियों से वाद-विवाद और गाली-गलौज करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा काफी समझाइश देने के बाद भी वे शांत नहीं हुए और अत्यधिक उग्र होकर मारपीट पर उतारू हो गए। लोक शांति भंग होने और संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल आशंका को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों की पहचान मनीष मरकाम (36 वर्ष), पिता धनीराम मरकाम, निवासी ग्राम तुमड़ीबोड़, ईश्वर यादव (34 वर्ष), पिता स्व. सुरेश यादव, निवासी गौरी नगर वार्ड 44 (राजनांदगांव) तथा कृष्णा साहू (39 वर्ष), पिता अमर साहू, निवासी ग्राम मुंदगांव के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक मामला दर्ज कर उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

### कलेक्टर ने पटेवा में एसएमसी एवं ईएमसी क्लस्टर का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पटेवा में विकसित किए जा रहे स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (एसएमसी) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों क्लस्टरों के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलीकॉम अभियंता/द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों को पूरा करने के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** (1) द.पू.म.रे के नागपुर डिविजन में अलग-अलग गुड्स शेड में अपग्रेडेशन/मॉडर्नाइजेशन के साथ FOIS कनेक्टिविटी की व्यवस्था करना। (2) द.पू.म.रे के नागपुर डिविजन में MIB में प्रस्तावित स्टोर्स डिपो से जुड़े टेलीकॉम का काम। **ई-निविदा सूचना:** ST-FOIS-Gshed-StoreMIB26, Dt: 16.09.2026, **निविदा मूल्य:** ₹ 1,83,36,684.09, **बिड सिक्योरिटी:** ₹ 3,66,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह।

**निविदा जमा करना:** बोलीदाता 08/10/2026 को 15:00 बजे तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे।

जानकारी हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

म.सि.व.दूर.सं. अभियंता/द.पू.म.रेलवे/नागपुर

PAM/51/133

South East Central Railway @secrail

## अनमोल 'दावा'

> किसी का सीधा स्वभाव उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसके संस्कार होते हैं।

# क्या ट्रम्प का ग्रीनलैंड सपना सच हो रहा है?

शुक्रवार को हुई डील में वॉशिंगटन को ग्रीनलैंड पर पूरा मिलिट्री कंट्रोल देने की बात कही गई है, और यह सब डेनमार्क की टेरिटोरियल सॉवरेनिटी (क्षेत्रीय संप्रभुता) का उल्लंघन किए बिना किया गया है—यह बात सुनने में बहुत अच्छी लगती है, शायद सच से भी ज़्यादा अच्छी। लेकिन इस दावे पर भरोसा करना ही होगा, कम से कम इस उम्मीद में कि इससे देशों की सॉवरेनिटी पर होने वाले उन कई बुरे और बिना उकसावे के हमलों में से एक पर रोक लगेगी, जिन्होंने व्हाइट हाउस में प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को परेशान किया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब ट्रंप ने डेनमार्क के लगभग 50,000 लोगों वाले छोटे से इलाके को कीमत देकर, या ज़रूरत पड़ने पर ज़बरदस्ती हासिल करने की धमकी दी। इससे कोपेनहेगन हिल गया और नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइज़ेशन (ह्ळ्रह्र) में वॉशिंगटन के सहयोगी देश डिप्लोमैटिक समाधान खोजने की कोशिश में लग गए। ऐसा कोई विकल्प कभी सामने नहीं आया, और शायद कभी गंभीरता से मौजूद भी नहीं था। ट्रंप कनाडा के खिलाफ कब्ज़े की धमकियां देने, यूक्रेन को रेयर अर्थ्स डील के लिए मजबूर करने और वेनेज़ुएला को घुटने टेकने पर मजबूर करने के लिए ज़बरदस्ती के तरीके अपनाने में व्यस्त हो गए।


जब कई यूरोपीय ताकतों ने ग्रीनलैंड पर प्रस्तावित कदमों का विरोध किया, तो उन्होंने पीछे हटने से पहले और टैरिफ लगाने पर गंभीरता से विचार किया। खबरों के अनुसार, जनवरी की शुरुआत में वेनेज़ुएला पर अमेरिकी हमले ने एक अहम मोड़ का काम किया, जिससे कोपेनहेगन को हमले की स्थिति में अन्य यूरोपीय ताकतों के साथ मिलकर मिलिट्री जवाब की तैयारी करनी पड़ी। प्रेसिडेंट ट्रंप ने हाल ही में अंकारा में ह्ळ्रह्र नेताओं की जुलाई समिट में ग्रीनलैंड पर ज़बरदस्ती कब्ज़ा करने की अपनी धमकी को फिर से दोहराया। कुछ हफ्तों के दौरान क्या हुआ, यह ज़्यादातर अटकलों का विषय बना हुआ है।

शुक्रवार का समझौता - जिस पर इस हफ्ते ह्र जनरल असेंबली में हस्ताक्षर किए जाएंगे—वॉशिंगटन को डेनमार्क के सेमी-ऑटोनॉमस (अर्ध-स्वायत्त) इलाके ग्रीनलैंड पर अपनी मिलिट्री मौजूदगी बढ़ाने का पूरा अधिकार देता है। इलाके के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन ने भरोसा जताया है कि इसकी शर्तें डेनमार्क की टेरिटोरियल सॉवरेनिटी या ग्रीनलैंड के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार से समझौता नहीं करती हैं। नीलसन के शब्दों की बारीकी से जांच की जाएगी। यह इलाका सदियों से डेनमार्क के नियंत्रण में रहा है, और लोग यह सवाल उठाएंगे कि क्या नया समझौता भविष्य में अमेरिका को अधिकार सौंपने का शुरुआती संकेत है।

इस डील में सख्त रेडलाइन्स (सीमाएं) हैं : रूस और चीन को इस स्ट्रैटेजिक और मिनरल्स से भरपूर आर्कटिक इलाके में अपनी मिलिट्री महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने से रोकना। लेकिन अमेरिकी बिज़नेस ग्रुप्स के लिए रास्ते खुलना ज़्यादा अहम है, जिनमें ट्रंप के अरबपति सहयोगी की अगुवाई वाले ग्रुप भी शामिल हैं; इन्होंने ही 2018 में राष्ट्रपति को ग्रीनलैंड खरीदने का आइडिया दिया था। ट्रंप से जुड़ी एक और तेल कंपनी को अगस्त में ड्रिलिंग का काम रोकना पड़ा था, क्योंकि एक संरक्षित वेटलैंड (आर्द्रभूमि) को लेकर चिंताएं थीं, जो दुर्लभ पक्षियों का घर है। उम्मीद है कि ड्रिलिंग शुरू करने की मंज़ूरी मिलते ही ये कंपनियाँ तेज़ी से काम शुरू कर देंगी।

जैसे-जैसे नोबेल पुरस्कार का समय नज़दीक आ रहा है, क्या ट्रंप इतने नासमझ हो सकते हैं कि उन्हें लगे कि डेनमार्क वाली डील से पीस कमिटी का फ़ैसला बदल सकता है? कुछ कहा नहीं जा सकता।

# बस्तर में बदलाव के वाहक मोदी जी



**किरण सिंह देव**

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जनसेवा के 25 वर्ष सेवा, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प की प्रेरक यात्रा है। लोक कल्याण की उनकी अहर्निश यात्रा अन्त्योदय को समर्पित है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित प्रत्येक नीति के केन्द्र में गरीब, किसान, महिला, युवा और विशेष रूप से जनजातीय समाज होता है।**

**छत्तीसगढ़ के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का विशेष आत्मीय जुड़ाव रहा है। श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रत्येक छत्तीसगढ़ वासी के जीवन स्तर को गुणवत्ता प्रदान की है। इस बदलाव की सबसे सुन्दर तस्वीर बस्तर में दिखाई देती है। बस्तर प्राकृतिक सम्पदा, समृद्ध जनजातीय संस्कृति और मेहनतकश लोगों की धरती है। लम्बे समय तक नक्सल हिंसा के कारण इस क्षेत्र की संभावनाएँ पूरी तरह सामने नहीं आ पाई। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षा और विकास को साथ लेकर चलने की नीति ने परिस्थितियाँ बदली हैं। आज जिन इलाकों में शासन-प्रशासन का पहुँचना कठिन था, वहाँ सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क, स्कूल, अस्पताल और सरकारी योजनाएँ पहुँच रही हैं।**




कनेक्टिविटी इस बदलाव का मजबूत आधार बनी है। बस्तर क्षेत्र में 3,240 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है और 889 मोबाइल टॉवर लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में 234 बसाहटों को जोड़ने के लिए 228 सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिली है।

सड़क केवल दो स्थानों को नहीं जोड़ती, वह लोगों को अवसरों से जोड़ती है। सड़क पहुँचती है तो बाजार पहुँचता है, एम्बुलेंस पहुँचती है, शिक्षक पहुँचते हैं और रोजगार के नए रास्ते खुलते हैं। जिन रास्तों पर कभी नक्सली बारूद बिछाते थे, आज उन्हीं रास्तों पर विकास की गाड़ी चल रही है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी बस्तर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नक्सल हिंसा के कारण बंद पड़े 421 स्कूलों को फिर से खोला गया है। अबूझमाढ़ और जगरगुण्डा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में एजुकेशन सिटी विकसित करने के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। हमारा प्रयास है कि बस्तर के बच्चों को अपने क्षेत्र में ही अच्छी शिक्षा, आवासीय सुविधा और आगे बढ़ने का बेहतर वातावरण मिले।

युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बस्तर के सभी 32 विकासखण्डों में कौशल विकास केन्द्र प्रारम्भ किए गए हैं। बस्तर ओलम्पिक ने गाँव और जनजातीय अंचलों की खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच दिया है। बस्तर पण्डुम ने यहाँ की संस्कृति, लोककला, परम्परा और जनजातीय गौरव को नई पहचान दी है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी ने बस्तर पण्डुम की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और स्थानीय समुदायों के सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बदलाव साफ दिखाई देता है। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत 34 लाख से अधिक स्वास्थ्य परीक्षण कर डिजिटल स्वास्थ्य प्रोफाइल तैयार की गई है। दूरस्थ क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सेवाएँ पहुँचाई जा रही हैं। जगदलपुर में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू हुआ है और गीदम में मेडिकल कॉलेज की स्थापना से बस्तर में स्वास्थ्य सुविधाएँ समावेशी बनी हैं।

हमारे वैचारिक अधिष्ठान के प्रणेता श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि राजनीति का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास होना चाहिए। देश के प्रधान सेवक श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अन्त्योदय की विचारधारा को साकार रूप दिया है। उनके विजन पर चलते छत्तीसगढ़ सरकार ने नियद नेल्लानार योजना के जरिए बस्तर समेत छत्तीसगढ़ के सबसे दुर्गम गाँवों तक विकास का उजाला पहुँचाया है। सुरक्षा शिविरों के 10 किलोमीटर के दायरे के 525 गाँवों में शासन के 17 विभागों की 43 हितग्राहीमूलक और सामुदायिक योजनाओं के माध्यम से लोगों को सुविधाओं से जोड़ा गया।

एक महत्वपूर्ण बदलाव यह भी है कि सुरक्षा शिविरों को शहीद वीर गुण्डाधुर सेवा डेरा के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन केन्द्रों से स्वास्थ्य, बैंकिंग, कृषि सहायता, कौशल विकास, आजीविका और दूसरी नागरिक सेवाएँ लोगों के नजदीक पहुँच रही हैं।

छत्तीसगढ़ के विकास का अगला बड़ा आधार उसकी वन सम्पदा है। इमली, महुआ, सालबीज, चिरौंजी और अनेक वनौषधियाँ यहाँ के जनजातीय परिवारों की आजीविका से जुड़ी हैं। बस्तर और सरगुजा में कृषि एवं वन आधारित प्रसंस्करण इकाइयों को विशेष प्रोत्साहन इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बस्तर की दूसरी बड़ी ताकत पर्यटन है। चित्रकोट और तीरथगढ़ के जलप्रपात, कांगेर घाटी, घने जंगल, गुफाएँ और अनूठी जनजातीय संस्कृति इसे प्रकृति और संस्कृति आधारित पर्यटन के लिए विशिष्ट बनाते हैं। इको पर्यटन और स्थानीय होमस्टे को बढ़ावा देकर पर्यटन को स्थानीय परिवारों की आय और रोजगार से जोड़ने की दिशा में काम हो रहा है। सिंचाई, बिजली और इंटरनेट सुविधाओं के विस्तार से भी बस्तर की अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी।

आज बस्तर की पहचान बदल रही है। जिस बस्तर की चर्चा कभी हिंसा के कारण होती थी, आज उसकी चर्चा सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन, संस्कृति और आजीविका के लिए हो रही है। वर्ष 2026 के बस्तर पण्डुम के अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने भी बस्तर में शांति, प्रगति और सांस्कृतिक गौरव की बढ़ती भावना को रेखांकित किया था।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्यावधि कार्यकर्ताओं के साथ ही पूरे देश के लिए इसलिए भी प्रेरणापुंज है क्योंकि उन्होंने अपनी संकल्प शक्ति से राष्ट्र के नवनिर्माण को नई ऊँचाई प्रदान की है। बदलता बस्तर इसका जीवन्त उदाहरण है। बस्तर समेत देश के कोने-कोने में सेवा संकल्प अभियान को लेकर जिस तरह समाज के हर वर्ग में उत्साह देखने को मिल रहा है, वह प्रधानमंत्री जी के प्रति स्नेह व आत्मीयता का अनुपम उदाहरण है।

प्रदेश अध्यक्ष,भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

## विचार सरिता

# सामान्य कर्मों को भी यज्ञमय बनाने का कौशल हम कर्मों में ले आएं यज्ञ जैसा परोपकार भाव

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



हम व्यक्तिगत उद्देश्य को पूरा करने के लिए तो कर्म करते ही हैं। अगर इनमें समूह हित की भावना जुड़ जाए तो हमारे कर्म यज्ञमय बन जाते हैं।

यज्ञ एक ऐसी अवधारणा है,जो मनुष्य को वैयक्तिकता से सामूहिकता की ओर ले जाती है। यह अपने स्वार्थ को त्याग कर परमार्थ के लिए अपना एक महत्वपूर्ण योगदान करने का अवसर प्रदान करता है।

यज्ञ मूल रूप से संस्कृत के ''यज'' धातु से बना है। इसका अर्थ होता है आहुति देना या अर्पित करना। यज्ञ का संबंध लोकहित के लिए त्याग के कार्यों और बलिदान से है।इसमें हम पदार्थों को अग्नि को समर्पित करते हैं।

धर्मशास्त्रों में हर एक गृहस्थ को रोजाना पंचमहायज्ञ करना जरुरी माना गया है जो इस प्रकार है -ब्रह्म यज्ञ,देव यज्ञ पितृ यज्ञ,नृ यज्ञ और भूत बलि(वैश्वदेव यज्ञ)। अपने शरीर, मन बुद्धि, हृदय आदि को ईश्वर को समर्पित कर ईश्वर के आदेश पर कार्य करने की भावना से किए जाने वाले कार्य ब्रह्म यज्ञ हैं।भक्ति भाव से अग्नि में समिधा अर्पित कर सुगंधित और मूल्यवान पदार्थों को अर्पित कर देवताओं तक पहुंचाना ही देव यज्ञ है।इससे आसपास का वातावरण भी शुद्ध होता है।कोई व्यक्ति यज्ञ के पावक में द्रव्यों को अर्पित कर स्वास्थ्यवर्धक धुएं और उस परिवेश को अपने परिवार के साथ-साथ पूरे परिवेश में पहुंचाता है।माता-पिता गुरु आदि बड़ों की सेवा और उनके यहां तक कि उनकी देहांतर अवस्था में भी उनका स्मरण और शास्त्र निर्दिष्ट कार्य ही पितृ यज्ञ है।नृ यज्ञ अतिथि सेवा के लिए है।भौतिक वस्तुओं का दान,परोपकार आदि भूत बलि है।

हमें दिनों दिन आत्मकेंद्रित होती जाती इस दुनिया में यज्ञमय दृष्टिकोण रखने की आवश्यकता है। यज्ञमय कर्म करने से या कर्मों को यज्ञमय बनाने से हममें आसक्ति समाप्त होती है। हम उन कर्मों के बंधन से मुक्त रहते हैं जो हमें अपने कर्म फल के कारण आसक्ति और मोह माया से बांध देती हैं। इस तरह हमारा जीवन केवल स्वार्थ के स्थान पर परमार्थ की भावना रखते हुए और स्वयं का भी ध्यान रखते हुए यज्ञमय और आनंदित हो सकता है।

### स्रोत श्लोकः-

भगवान श्री कृष्ण ने गीता में वीर अर्जुन से कहा हैः-

यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः।
तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसंगः समाचर।।3/9।।

इसका अर्थ है,यज्ञ के लिए किए हुए कर्म के अतिरिक्त अन्य कर्म में प्रवृत्त हुआ यह पुरुष कर्मों द्वारा बंधता है,इसलिए हे कौन्तेय तुम आसक्ति को त्यागकर यज्ञ के निमित्त ही कर्म का अच्छी तरह से आचरण करो।

## शब्द सामर्थ्य -169

(भागवत साहू)

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 168 का हल



## सु-दोकू क्र.169



**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.168 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामायिक चर्चा

# अहंकार ले डूबता है

अखबार उठाकर बानी बोले -
''आज सुनिए गजाधर!
ट्रम्प की चमकी-धमकी की खबर -
संयुक्त राष्ट्र महासभा में
ट्रम्प ने खुली धमकी दी
और मारे घमण्ड के
यह बात कह दी
कि ईरान से डील करूँ
या सर्वनाश कर दूँ!
गजाधर! देखिए तो
ट्रम्प का ऐसा अहंकार!
इस पर आप
क्या कमेन्ट करना चाहेंगे यार!
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
ट्रम्प अमेरिकावासी हैं
तो वे महाप्रतापी रावण
और महाबली राजा कंस को नहीं जानते है
पर हम लोग मानते है
चाहे कोई कितना बड़ा भी क्यों न हो
अहंकार उसे ले डूबता है।
और वही अहंकार हम आज
अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प में देख रहे हैं।
अब इससे आगे हम क्या कहें बानी!
आप तो खुद समझदार हैं,
तो हम जो नहीं कह रहे है,
उसे भी आप समझ रहे है।''
(बुधवार 23 सितम्बर 2026)



गिरीश बख्शी

## कविता


# ''जय गणेश देव''

जय हो जय हो जय हो गणेश देव
जय हो जय हो जय हो गणेश देव
बिनती ल मोर सुन लेव जय गणेश देव
तोर पूजा होथे संझा बिहनिया
लइका सियान करथे जगरिया
सबके मन ल मड़ा देव जय गणेश देव
तोर हावय दुइ झन रिद्धि-सिद्धि
मोर हावय एक झन नईये फेर बुद्धि
मोर सुवारी ल मति दे देव जय गणेश देव
खायस तय लाडू अउ मेवा
करथस तय दाई ददा के सेवा
दाई तोर पारवती पिता महादेव
जय हो... जय हो.... जय हो गणेश देव
बिगड़ी के बनइया कहिथे तोला
सुख शांति के देवइया कहिथे तोला
सब झन ल देहस महू ल दे देव
जय हो.. जय हो.. जय हो गणेश देव
बिनती ल मोर सुन लेव जय गणेश देव
जय हो.. जय हो.. जय हो गणेश देव।



डॉ एस एल गन्धर्व
झलमला, बालोद
9926656038

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएंगे , जिसमें आपको किसी करीबी की सहायता मिलेगी। आज आपकी काम में रुचि बनी रहेगी और रिलैक्स महसूस करने के लिए मनोरंजन संबंधी योजनाएं भी बन सकती हैं। आज आप किसी काम को बहुत ही शांत तरीके से करने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता मिलनी तय है।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप किसी भी काम को बहुत ही सावधानीपूर्वक करेंगे तो अच्छा होगा। आज आप अपनी योग्यता और क्षमता से काम को आसानी से कर लेंगे, इससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। अगर घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बन रही हैं, तो वास्तु सम्मत नियमों का भी पालन करना उचित रहेगा। आज आप अपने किसी खास हुनर को निखारने का प्रयास करेंगे।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप भीड़ से अलग हटकर कुछ नया करने का प्रयास करेंगे , जिसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपकी रुचि संगीत में रहेगी , आप किसी बड़े प्लेटफॉर्म पर परफॉर्म भी कर सकते हैं। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा, संतान की तरफ से आपको खुशखबरी मिल सकती है। आज आपको मेहनत का फल अवश्य मिलेगा , आपके आत्मबल को मजबूती मिलेगी।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आप अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और इस उचित समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। व्यावसायिक पार्टियों के साथ रिश्ते मधुर बनाने का प्रयास करेंगे। आज आप दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें और जब तक आपसे सलाह न मांगी जाये तब तक आप चुप रहें , इससे आपका मान-प्रतिष्ठा दोनों ही बने रहेंगे।



**सिंह**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप व्यवसाय को विस्तार देने के लिए ऑफिस में मीटिंग कर सकते हैं। आज आपके घर में लंबे समय बाद किसी रिश्तेदार का आगमन होगा , जिससे आपसी गलतफहमियां दूर होंगी। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा और आप मन लगाकर काम करेंगे। आज आपको राजनीति से जुड़े व्यक्ति से मुलाकात करने का अवसर प्राप्त होगा।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज बच्चों की शिक्षा और करियर से संबंधित भी काम हो सकता है। आज बिजनेस में आपको अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं और आज आप सिर्फ अपने काम की क्वालिटी को अधिक बेहतर बनाने में ध्यान देंगे। आपका काम आसानी से हो जायेगा। इस राशि के कला और अभिनय में रुचि रखने वाले आज अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लेंगे।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा लेकिन आज खर्च की अधिकता रह सकती है। आज समय का उचित सदुपयोग करेंगे तो आपको लाभ मिलने के योग हैं। आज आप व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ सामाजिक व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे कार्यों में भी रुचि लेंगे। साथ ही अपनी योग्यता और कार्य क्षमता से मुकाम भी हासिल कर लेंगे।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप दिन की शुरुआत किसी जरूरतमंद की मदद करके करेंगे , जिससे आपको पूरा दिन सकारात्मक परिणाम मिलते ही रहेंगे। आज आप अपनी वाणी पर थोड़ा कंट्रोल रखें अन्यथा किसी को बुरा लग सकता है। आज आप अपने कर्मचारियों का उत्साह वर्धन करेंगें , जिससे वे मन लगाकर और अधिक मेहनत से काम करेंगें।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में एक नया और कीर्तिमान इतिहास रचकर दुनिया को अपनी तरफ आकर्षित करने में कामयाब होंगे। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के योग हैं , जिससे आपकी आय और पद दोनों ही लाभदायक रहेंगे। आज दांपत्य जीवन में एक दूसरे के प्रति सम्मानजनक भावनाएं रहेंगी और घर में सुकून भरा और खुशनुमा माहौल रहेगा।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप ऑफिशियल काम के साथ-साथ अपने निजी कार्यों को भी समय देंगे. जिससे आपको शारीरिक थकान का अहसास हो सकता है। आज राजनीतिक और अनुभवी व्यक्ति की सलाह और मदद आपके व्यवसाय को नई दिशा देगी। आज आपको किसी को दिया धन वापस मिलेगा , जिसका उपयोग आप बिजनेस में करेंगे तो फायदा होगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपनी योजनाओं को प्रभावशील बनाने के लिए कुछ ठोस और जरूरी कदम उठाएंगे। आज अचानक ही आपको कहीं से सहयोग और उचित सलाह भी हासिल होगी। इस राशि की महिलाएं आज किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं , जिसमें उन्हें जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज योजनाबद्ध तरीके से अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें, इससे आपके कार्य सफल होंगे। आज आपके परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा और परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा। आज आप व्यवसाय में मामूली परिवर्तन करेंगे , जिससे काम की गुणवत्ता अच्छी बनेगी।

# नपाप की दुकानें बिना अनुबंध व नवीनीकरण के वर्षों से संचालित : पालिका को हर माह लाखों के राजस्व का नुकसान

**0 महावीर पारा, करबला चौक व स्टेशन रोड की दुकानों का नहीं हुआ एग्रीमेंट, पुरानी दुकानों का रिन्युअल भी अटका**

**0 सतबहनी मार्ग की 68 दुकानें 2013 से बिना आबंटन पड़ी खंडहर; अमानत व किराये की मद में निकाय को बड़ा घाटा**

**0 जरूरतमंद बनकर दुकान लेने के बाद दूसरों को बेचने का खेल, अध्यक्ष व सीएमओ बोले- दोषियों पर होगी बेदखली की कार्रवाई**

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा निर्मित एवं आवंटित कई दुकानों का वर्षों से अनुबंध (किरायानामा) नहीं होने तथा दर्जनों दुकानों की लीज अवधि समाप्त होने के बावजूद नवीनीकरण न किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पालिका प्रशासन की इस लापरवाही के कारण निकाय को प्रतिमाह नियमित किराये, प्रीमियम और मुद्रांक शुल्क के रूप में मिलने वाले लाखों रुपये के राजस्व की सीधी चपत लग रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महावीर पारा स्थित नगर पालिका की दर्जनों दुकानें वर्ष 2019 से संचालित हो रही हैं, लेकिन अब तक इनका पंजीयक कार्यालय में विधिवत किरायानामा संपादित नहीं कराया गया है। नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत तत्कालीन सीएमओ प्रमोद शुक्ला के कार्यकाल में अनुबंध की औपचारिकता की अनुमति ली गई थी। इसके बाद कई मुख्य नगर पालिका अधिकारी बदल गए, लेकिन अनुबंध की फाइल आगे नहीं बढ़ सकी। बिना अनुबंध दुकानें संचालित होने से निकाय को अब तक कितने राजस्व का नुकसान हुआ, यह उच्च स्तरीय जांच का विषय है।

### सालों से बंद पड़ी दुकानें बनीं खंडहर, लाखों की चपत

सतबहनी-ऊपर मंदिर मार्ग पर स्थित 68 दुकानों का वर्ष 2013 से आवंटन ही नहीं किया गया है। लंबे समय से अनुपयोगी रहने के कारण दुकानें जर्जर व खंडित हो




चुकी हैं। इससे निकाय को करीब 4.08 लाख रुपये किराये तथा 3.59 लाख रुपये की अमानत राशि (कुल लगभग 7.67 लाख रुपये) का नुकसान उठाना पड़ा। करबला चौक स्थित 8 दुकानों का अनुबंध लंबित रहने से वार्षिक किराया अटका हुआ है। वहीं दुर्गा मंदिर (स्टेशन रोड) के पास निर्मित 5 दुकानों का आवंटन न होने से निकाय को प्रतिवर्ष लगभग 2.35 लाख रुपये की संभावित आय नहीं मिल पा रही है। वन विभाग बस स्टैंड पर 1988-90 के दशक में निर्मित इन दुकानों की अनुबंध अवधि समाप्त हो चुकी है। यदि वर्तमान बाजार दर पर इनका नवीनीकरण किया जाए, तो निकाय की मासिक आय में भारी इजाफा हो सकता है।

### कर्मचारियों की सुस्ती से नाराज दुकानदार

शहर के विभिन्न व्यवसायिक परिसरों के किराएदारों ने पालिका के राजस्व अमले की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दुकानदारों का कहना है कि आवंटन, पंजीयन, अनुबंध नवीनीकरण और समय पर रसीद काटकर किराया वसूली की प्राथमिक जिम्मेदारी पालिका कर्मचारियों की है, जिसमें वे लगातार कोताही बरतते हैं। आरोप यह भी है कि कई वार्डों में राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर दुकानों का आबंटन लटकाया गया है।

### दुकान लेकर दूसरों को बेचने का चल रहा खेल

शासन के नियमानुसार पालिका की दुकानें जरूरतमंद, गरीब और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दी जाती हैं। लेकिन शहर में कई रसूखदार आबंटिती जरूरतमंद बनकर दुकानें हासिल कर लेते हैं और फिर उन्हें मोटी रकम लेकर अनाधिकृत रूप से तीसरे व्यक्ति को बेच या सब-लेट कर देते हैं। इससे वास्तविक जरूरतमंद युवा आजीविका के साधन से वंचित हो रहे हैं। वंचित बेरोजगारों ने मांग की है कि सभी व्यावसायिक परिसरों का भौतिक सत्यापन कर दुकानों को अनाधिकृत रूप से बेचने वालों को तत्काल बेदखल कर नए सिरे से पारदर्शी आवंटन किया जाए।

> दुकानों के आवंटन, अनुबंध और नवीनीकरण से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं शासन के नियमों के तहत पूरी कराई जाएंगी। संबंधित विभाग को सभी लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। पालिका की आय बढ़ाने के लिए बकाया किराया वसूली तेज की जाएगी। जिन लोगों ने नियमों का उल्लंघन कर दुकानों को अनाधिकृत रूप से बेचा या हस्तांतरित किया है, उनकी जांच कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई व बेदखली की जाएगी।
>
> **- रमन डोंगरे (अध्यक्ष) एवं राजेश कुमार तिवारी (सीएमओ), नगर पालिका परिषद, डोंगरगढ़**

## पहला कॉलम...

### कल हरदी में मां संतोषी का हवन-पूजन व महाप्रसादी भंडारा



हरदी (दावा)। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के शिवनाथ वार्ड क्रमांक 51 हरदी में मां संतोषी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ किया जा रहा है। वार्ड में 18 सितंबर को मां संतोषी की प्रतिमा विधिवत स्थापित की गई थी। जिसके बाद 22 सितंबर को माता का विशेष पंचमी श्रृंगार दर्शन संपन्न हुआ। इसी कड़ी में आगामी 25 सितंबर को सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात शाम को विशाल महाप्रसादी भंडारे का आयोजन रखा गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन समिति के पार्षद चंद्रकृत साहू एवं शिव साहू ने धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माता के दर्शन, हवन-पूजन एवं महाप्रसादी का लाभ उठाने की अपील की है।

### जयंत साहू बने अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयुक्त सचिव



**प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अनुशंसा पर मिली नई जिम्मेदारी, पदाधिकारियों ने दी बधाई**

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अनुशंसा पर डोंगरगांव के विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जयंत साहू को अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ (प्रदेश साहू संघ) का संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया है। उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समाज के प्रति उनके सतत समर्पण और सक्रिय सामाजिक भागीदारी को देखते हुए सौंपी गई है। जयंत साहू के प्रदेश संयुक्त सचिव मनोनीत होने पर साहू समाज एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व स्वजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

बधाई प्रेषित करने वालों में जिला अध्यक्ष नोबल साहू, संरक्षक भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, अनिल साहू, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, संगठन सचिव माधव साहू, प्रकोष्ठ संयोजक यशवंत साहू, सचिव परदेशी राम साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू, तीजेंद्र साहू, रूपेश साहू, थगेश्वर साहू, राघवेंद्र साहू, सेवक साहू, खोरबहरा साहू, रामचंद्र साहू, भीखू साहू, भोज गंजीर, हृदय हिरवानी, राजेश साहू, रमेश साहू, वीरेंद्र साहू एवं मनीष साहू शामिल हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## रात में मवेशी हादसे का शिकार, सुबह तक सड़क किनारे पड़ा रहा शव, पंचायत की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

ठेलकाडीह (दावा)। सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा न केवल राहगीरों व वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है, बल्कि बेजुबान पशुओं की जान पर भी बन आया है। खपरी खुर्द पेट्रोल पंप के पास बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मवेशी गंभीर हादसे का शिकार हो गया। दर्दनाक पहलू यह रहा कि हादसे के बाद घायल मवेशी तड़पता हुआ सड़क किनारे पड़ा रहा और सुबह तक उसे न तो प्राथमिक उपचार मिला और न ही शव को हटाने की कोई पहल की गई। इस घटना ने सड़क सुरक्षा और पशु संरक्षण के दावों की पोल खोल दी है।



**o खपरीखुर्द पेट्रोल पंप के पास बेजुबान की मौत से ग्रामीणों में रोष**
**o सड़क पर पड़ा मवेशी दे रहा बड़े हादसों को न्योता**

### हादसे के बाद भी बेपरवाह रहा प्रशासन

सड़क किनारे या मुख्य मार्ग पर मृत अथवा घायल मवेशी का पड़ा रहना अन्य वाहन चालकों के लिए भी भारी खतरे का सबब बनता है। विशेषकर अंधेरे में तेज रफ्तार वाहनों और दोपहिया चालकों के टकराने से बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना मिलने के बाद भी समय रहते मवेशी को न हटाना स्थानीय पंचायत व संबंधित अमले की घोर संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### ग्रामीणों ने उठाए गंभीर सवाल

सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े को नियंत्रित करने के लिए पंचायत व प्रशासन ने क्या ठोस उपाय किए हैं? दुर्घटना की स्थिति में घायल मवेशी को तत्काल रेस्क्यू व उपचार देने और मृत पशु को हटाने की जवाबदेही किसकी है? क्या किसी बेजुबान की मौत और अन्य संभावित हादसों के बाद ही जिम्मेदार नींद से जागेंगे? आवारा पशुओं के सुरक्षित प्रबंधन व कांजी हाउस/गौठान व्यवस्था को लेकर जमीनी स्तर पर निगरानी क्यों नहीं की जा रही?

### स्थायी समाधान की दरकार

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और पंचायत को इसे महज एक सामान्य दुर्घटना मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सड़कों पर घायल अथवा मृत पशुओं के त्वरित रेस्क्यू, इलाज और सुरक्षित निपटारे के लिए एक स्पष्ट व त्वरित हेल्पलाइन व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। साथ ही मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के खुले विचरण पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, ताकि बेजुबानों की जान बचने के साथ-साथ राहगीर भी सुरक्षित रह सकें।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन व झांकी को लेकर शांति समिति की बैठक, नियमों के पालन की अपील



खैरागढ़ (दावा)। गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं झांकी के दौरान नगर में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टंकेश्वर साहू, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आशारानी एवं नगर पालिका परिषद के सीएमओ की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विसर्जन जुलूस के निर्धारित रूट, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों (डीजे/साउंड सिस्टम) के शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार उपयोग पर विचार-विमर्श किया गया। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने सभी आयोजन समितियों से अपील की कि वे नियमों व दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग दें। बैठक में उपस्थित सभी गणेशोत्सव समितियों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और सौहार्दपूर्ण वातावरण में विसर्जन संपन्न कराने का आश्वासन दिया।

## भारतीय युवा संसद में खैरागढ़ की विप्रांशी पाठक ने किया छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व, जयपुर से संविधान की प्रति लेकर लौटी

खैरागढ़ (दावा)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित 'भारतीय युवा संसद' के राष्ट्रीय अधिवेशन में खैरागढ़ की होनहार छात्रा विप्रांशी पाठक ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर अंचल का मान बढ़ाया है। देशभर से जुटे प्रतिभाशाली युवाओं के बीच विभिन्न समसामयिक व विधिक विषयों पर सार्थक संवाद कर विप्रांशी सम्मानपूर्वक भारतीय संविधान की प्रति लेकर वापस लौटी हैं। विप्रांशी खैरागढ़ रियासत के तत्कालीन राजपुरोहित स्व. श्रीलाल पाठक की पोती, वरिष्ठ पत्रकार अविनाश पाठक की भतीजी तथा संगीतकार व शिक्षक डॉ. विभाष पाठक एवं शिक्षिका श्रीमती प्राची पाठक की सुपुत्री हैं। सांस्कृतिक एवं बौद्धिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली विप्रांशी ने राष्ट्रीय मंच पर अपने वक्तृत्व कौशल की गहरी छाप छोड़ी।



**o विद्यार्थियों ने राज्यपाल व सीएम से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय युवा संसद आयोजित करने की उठाई मांग**

### कर्मा नृत्य ने मोहा मन

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (केटीयू) रायपुर की छात्रा विप्रांशी ने कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल के मार्गदर्शन में इस राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लिया। अधिवेशन के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया, नीति-निर्माण और युवा सहभागिता से जुड़े सत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके साथ ही दल के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति को प्रदर्शित करते हुए पारंपरिक कर्मा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। जिसे राष्ट्रीय पटल पर खूब सराहना मिली। अधिवेशन में विभिन्न राज्यों के राज्यपालों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों की मौजूदगी रही। आयोजकों द्वारा युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भारतीय संविधान की प्रति भेंट की गई।

### छत्तीसगढ़ में भी हो आयोजन : विद्यार्थी

जयपुर से लौटे छात्र दल ने प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग की है कि 'भारतीय युवा संसद' जैसे राष्ट्रीय स्तर के आयोजन छत्तीसगढ़ में भी कराए जाएं। इससे देशभर के युवाओं को प्रदेश की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। विप्रांशी की इस उपलब्धि पर नगरवासियों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ प्रभारी व सिद्धार्थ शंभू को सह-प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

मोहला (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी एवं सिद्धार्थ शंभू को सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने पर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के संगठन स्तर पर व्यापक उत्साह का माहौल है। इस नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व को बधाई प्रेषित की।



**केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय से संगठन को मिलेगी मजबूती, जिलेभर में उत्साह की लहर**

जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व का यह निर्णय संगठन को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। श्रीमती स्मृति ईरानी की प्रखर कार्यशैली और दीर्घ प्रशासनिक अनुभव के साथ-साथ सह-प्रभारी सिद्धार्थ शंभू की मैदानी सक्रियता से जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अम्बर जोशी ने कहा कि दोनों नेताओं के मार्गदर्शन से बूथ और मंडल स्तर पर संगठन सुदृढ़ होगा तथा ग्रामीण विकास, किसान हित व जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। वहीं जिला कोषाध्यक्ष राजू गुजराती ने कहा कि इस निर्णय से पार्टी की रीति-नीति और योजनाओं का विस्तार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के संकल्प को बल मिलेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता अवधेश त्रिपाठी, एल्डरमैन देवनारायण कुंभकार, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी सहित जिला सोशल मीडिया प्रभारी, मंडल महामंत्री और विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया।

### सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत ग्राम रानीगंज में किया पौधरोपण

डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रानीगंज में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत द्वारा के प्रतिनिधि, प्रबंध समिति रानीगंज, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। सभी ने पौधरोपण गतिविधि में सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## पर्युषण महापर्व में जैन रामायण, जीवदया और वैराग्य का संदेश देतीं दो भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुतियां

डोंगरगांव (दावा)। पर्वराज पर्युषण महापर्व के पावन अवसर पर श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगांव द्वारा आयोजित रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम धर्म, अध्यात्म और संस्कारों के जीवंत संगम बने हुए हैं। आर्यिका मां श्री 105 तपोमती माताजी ससंघ के पावन सान्निध्य एवं ब्रम्हचारिणी पिंकी दीदी के निर्देशन में आयोजित इन नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से नई पीढ़ी को जैन धर्म के आदर्शों और महापुरुषों के जीवन-दर्शन से परिचित कराया जा रहा है।



### पशुओं की करुण पुकार से नेमिनाथ को हुआ वैराग्य

महापर्व के छठवें दिन संस्कार बहू मंडल द्वारा तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ के जीवन पर आधारित अत्यंत मार्मिक व वैराग्यमय प्रसंग का मंचन किया गया। नाटक में भगवान नेमिनाथ की विवाह बारात, राजसी वैभव और राजीमती संग विवाह की तैयारियों के बीच उस निर्णायक दृश्य को जीवंत किया गया। जब विवाह भोज के लिए बांधे गए मूक पशुओं के क्रंदन ने नेमिनाथ के अंतर्मन को झकझोर दिया। जीवदया और करुणा से द्रवित होकर उन्होंने राजसी सुख त्यागकर वैराग्य व आत्मकल्याण का मार्ग चुन लिया। कलाकारों के मार्मिक अभिनय और संवादों ने उपस्थित जनसमुदाय को भाव-विभोर कर दिया।

### मंच पर साकार हुई जैन रामायण (पद्मपुराण)

सातवें दिन विद्यासागर पाठशाला के शिक्षकों के मार्गदर्शन में जैन परंपरा (पद्मपुराण) पर आधारित जैन रामायण की भव्य नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस मंचन में पाठशाला के बच्चों सहित नगर की बेटियों एवं बहुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन-चरित्र, त्याग, संयम और कर्तव्यनिष्ठा को बाल कलाकारों ने अपने सहज अभिनय व संवाद अदायगी से जीवंत कर दिया। देर रात तक चले इस मंचन ने दर्शकों को बांधे रखा।

### संस्कारों के संप्रेषण का सशक्त माध्यम

यह सांस्कृतिक आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित न रहकर संस्कारों के संप्रेषण की पाठशाला साबित हुआ। जहां एक ओर भगवान नेमिनाथ के प्रसंग ने जीवदया व त्याग की सीख दी। वहीं जैन रामायण ने मर्यादा और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने कलाकारों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया। इन आयोजनों ने पूरे डोंगरगांव के वातावरण को भक्तिमय व संस्कारमय बना दिया है।

## बेलगांव सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच के लिए जनपद सभापति ने सीईओ को लिखा पत्र

**0 लाखों रुपए की अनियमितता करने वाले सरपंच / सचिव को कांग्रेस नेताओं का मिला साथ**

**0 मामला - सरपंच /सचिव द्वारा 15 वे वित्त की राशि में लाखों रुपए का खर्च दर्शाकर खुले रूप में भ्रष्टाचार करने का**

डोंगरगढ़ (दावा)। बेलगांव पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा 15 वे वित्त की राशि मैं पेयजल सप्लाई एवं कचरा उठाई के नाम से की गई लाखों रुपए की हेरा फेरी के मामले में पूरा गांव आंदोलित है। दो वित्तीय वर्ष के मात्र 11 माह में ही सरपंच /सचिव द्वारा 09 लाख रुपए का खर्च दर्शाकर खुला भ्रष्टाचार किया गया है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के कर्णधार नेताओं का खुला भ्रष्टाचार करने वाले सरपंच /सचिव को संरक्षण मिला हुआ प्रतीत हो रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि सरपंच का चुनाव हरने वाले बेलगांव कांग्रेस मंडल के अध्यक्ष दिनेतू जांगड़े सरपंच का चुनाव हार चुके हैं। हाल ही में रेलवे को मुरम सप्लाई के नाम पर ग्राम सभा में




प्रस्ताव पारित कर रेलवे को स्थानीय तालाब से मुरूम खनन की अनुमति दी गई थी। ठेकेदार द्वारा 3 फीट के स्थान पर 25 फीट मुरूम खनन किया गया, किंतु जिम्मेदार और सक्रिय कांग्रेस व भाजपा के नेताओं ने मुखरता के साथ रेलवे द्वारा किए गए कृत्य का प्रतिकार नहीं किया, जो उनकी रेलवे के ठेकेदार के साथ मिली भगत को दर्शाता है।

क्षेत्रीय जनपद सदस्य व सभापति जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्रीमती खरे द्वारा मुरूम खनन को लेकर भी प्रशासन के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई गई है। नियम विरुद्ध अत्यधिक मुरूम खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रशासन को पत्र भी लिखा है। वहीं दूसरी और गांव के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं की मौन सहमति से सरपंच व सचिव को राहत मिली है। भाजपा समर्पित सरपंच के विरुद्ध भ्रष्टाचार से समझौता नहीं करने वाली भाजपा समर्पित जनपद सदस्य व सभापति श्रीमती खरे का भाजपा समर्पित सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के विरुद्ध जांच करवाना दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने जैसा प्रतीत हो रहा है। अनेक ग्रामीणों ने जनपद सदस्य के द्वारा उठाए गए कदम की प्रशंसा की है। ग्रामीणों का कहना है कि मुरूम खनन की जांच करा कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

### एसडीएम का निर्देश मिलते ही बनेगी जांच समिति - सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की सीईओ भगवती साहू ने कहां है कि शिकायतकर्ता द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को शिकायत की गई है। एसडीएम की ओर से जांच से संबंधित निर्देश मिलते ही, जांच समिति का गठन कर, कि गई शिकायत के सभी बिंदुओं की जांच कराई जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2 विकेट से हराया, अंतिम ओवर में चेज किया 339 का टारगेट

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया मुकाबला आखिरी तक काफी रोमांचक रहा. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 338 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी ओवर में 339 रन का टारगेट हासिल कर भारत को 2 विकेट से हरा दिया. यह मैच भारत-ए की महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया-ए की महिला टीम के बीच मोहाली में खेला गया.



भारतीय टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 338 रन बनाए. टीम की तरफ से यास्तिका भाटिया ने शानदार शतक लगाया. उन्होंने 112 रन की पारी खेली और भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई.

यास्तिका ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का डटकर सामना किया और 112 रन बनाए. उनके अलावा तेजल हसबनिस ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए. भारत की बल्लेबाजों ने मिलकर टीम को 338 रन तक पहुंचाया और ऑस्ट्रेलिया के सामने 339 रन का टारगेट रखा.

339 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही तेजी से रन बनाए. ताहलिया विल्सन ने 79 रन की पारी खेली, जबकि अनिका लियरॉयड ने 54 रन बनाए. चार्ली नॉट ने भी 63 रन की तेज पारी खेलकर टीम को टारगेट के करीब पहुंचाया. ऑस्ट्रेलिया पर लगातार रन बनाने का दबाव था. भारत ने बीच के ओवरों में विकेट निकालकर मैच को अपने पक्ष में लाने की कोशिश की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजों ने धैर्य बनाए रखा और जरूरी रन जुटाते हुए टीम को जीत के करीब पहुंचाया. भारत की गेंदबाजों ने विकेट लेकर मैच में वापसी की कोशिश की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने आखिरी तक हिम्मत नहीं छोड़ी. आखिर में ऑस्ट्रेलिया ने 339 रन का टारगेट हासिल कर 2 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया.

# होर्मुज के पास जहाज पर टॉरपीडो हमला, एक भारतीय नाविक की मौत; 19 को बचाया गया

दुबई। भारत आ रहे एक कमर्शियल जहाज एमवी केप दाओ पर हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। ओमान में भारतीय दूतावास ने बुधवार को कहा कि वह इस हमले पर बारीकी से नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ओमान के पूर्वी तट पर कमर्शियल जहाज एमवी केप दाओ पर हुए हमले की निंदा करते हैं। जहाज पर मौजूद 20 भारतीय नाविकों में से 19 को बचा लिया गया है। हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ओमान में हमारा दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और भारतीय नाविकों की जल्द वापसी के लिए ओमान के अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से तालमेल बिठा रहा है।



### भारत ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

मंत्रालय ने आगे कहा, हम ओमान के अधिकारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। इस क्षेत्र में कमर्शियल जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं। हम तनाव कम करने और क्षेत्र में जल्द शांति बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति की अपनी अपील दोहराते हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस इलाके में कमर्शियल शिपिंग, समुद्री कर्मचारियों और आम लोगों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचों को निशाना बनाना बंद होना चाहिए, और इलाके के अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से बिना किसी रुकावट के आने-जाने और व्यापार को जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जाना चाहिए

### जहाज पर 20 भारतीय नाविक थे सवार

फॉरवर्ड सीमेन्स यूनियन ऑफ इंडिया ने बताया कि जहाज पर दो टॉरपीडो से हमला हुआ; एक टॉरपीडो पोर्ट साइड C-डेक पर लगा, जहां क्रू के रहने की जगह है, और दूसरा इंजन रूम के पास पोर्ट साइड हल (जहाज के बाहरी ढांचे) से टकराया। जहाज पर 20 भारतीय नागरिक थे। FSUI ने एक बयान में कहा कि इस हमले को देखते हुए, इस इलाके में नाविकों की सुरक्षा के दावों का कोई मतलब नहीं रह गया है। यूनियन ने कहा, होर्मुज और उसके आस-पास के इलाकों में बेगुनाह आम नाविकों की हत्या की जा रही है। संगठन ने इस घटना के लिए तुरंत जवाबदेही तय करने, इस इलाके से गुजरने वाले नाविकों के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करने और यादव तथा में मौजूद हर भारतीय को न्याय दिलाने की मांग की है।

# महापौर की मौजूदगी में स्वास्थ्य संबंधी स्थानीय नगरीय निकाय का उन्मुखीकरण कार्यशाला (यू.एल.बी.) का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, जिला राजनांदगांव द्वारा नगर निगम के टाउन हाल में पार्षदों के लिए स्वास्थ्य विभाग से संबंधित गतिविधियों के बारे में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन महापौर श्री मधुसूदन यादव की गरिमामय मौजुदगी में किया गया।

कार्यशाला में आयुक्त जी.आर. मरकाम, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह (पारस) वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के चेयर मेन श्री शैंकी बग्गा सहित पार्षदों एवं नामांकित पार्षदों की उपस्थिति में डॉ. नेतराम नवरत्न, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला राजनांदगांव के मार्ग-दर्शन में स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल अधिकारी शहरी डॉ. अलप्ना लुनिया, जिला प्रबंधक शहरी डॉ. पूजा मेश्राम द्वारा शहरी स्वास्थ्य मिशन के



अंतर्गत शहर मे संचालित समस्त कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी।

कार्यशाला में महापौर मधुसुदन यादव द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मिलने वाली सेवाएं के बारे में बताया गया एवं शहरी क्षेत्र में 03 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन होने के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी से अपील किया गया कि वहां जाकर निशुल्कः जांच कराने वार्डवासियो को प्रेरित करे। उन्होने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सभी प्रकार की बिमारियों का निःशुल्क ईलाज किया जाता है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों मे जाकर अपना बीपी एवं शुगर,टी.बी.,कुष्ठ,मलेरिया इत्यादि का निःशुल्क जॉच करवाना चाहिए व समस्त पार्षदों को अपने अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधित समस्त सर्वे कार्यो में सहयोग प्रदान करने के साथ साथ अपने-अपने वार्डो में 14 वर्ष उम्र की समस्त बालिकाओं को एच.पी.वी टीकाकरण में अनिवार्यतः सहयोग प्रदान कहा गया।

आयुक्त जी.आर.मरकाम के द्वारा बताया गया कि शहर के मलिन, झुग्गी बस्तियों में माहमारी संबंधित जगह को चिन्हांकित कर इस पर निगरानी रखे एवं विशेष कार्ययाजना तैयार करने पार्षदों से चर्चा की जाए तथा उनसे भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियॉ आयोजन करने पर सहयोग देने हेतु कहा गया। उक्त कार्यशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 54 लोगों का चिकित्सकीय दल के सहयोगी भूपेश साहू, केशव साहू टी.बी. विभाग, ए.एन.एम. धनेश्वरी साहू, संजय गबेल, विकास, द्वारा स्वास्थ्य जॉच एवं परामर्श दिया गया।

# स्मार्ट मीटर जांच में रीडिंग पाई गई पूरी तरह सटीक, उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों का हुआ समाधान

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली बिल और मीटर रीडिंग से जुड़ी शिकायतों का त्वरित व पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।



उपभोक्ता : कली बाई / पकलु



स्मार्ट मीटर एवं चेक मीटर

इसी कड़ी में खैरागढ़ संभाग अंतर्गत स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली को लेकर दर्ज कराई गई शिकायतों की मौके पर सघन जांच की गई। उपभोक्ताओं के परिसरों में चेक मीटर स्थापित कर स्मार्ट मीटर की रीडिंग का मिलान किया गया, जिसमें सभी प्रकरणों में रीडिंग शत-प्रतिशत समान और सटीक पाई गई। विद्युत अमले द्वारा मौके पर की गई इस तथ्यात्मक जांच से उपभोक्ताओं की बिल संबंधी भ्रांतियां दूर हुईं और उन्होंने विभाग की पारदर्शी कार्यशैली पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया। पुराना टिकरापारा (खैरागढ़) में उपभोक्ता पुरुषोत्तम यादव की अधिक बिल की शिकायत पर 21 जुलाई को परिसर में चेक मीटर लगाया गया। जांच के दौरान स्मार्ट मीटर और चेक मीटर दोनों में 13-13 यूनिट की समान रीडिंग दर्ज हुई। इतवारी बाजार (खैरागढ़) में उपभोक्ता अशोक कुमार यादव के परिसर में 1 अगस्त को चेक मीटर स्थापित कर परीक्षण किया गया। दोनों मीटरों में 10-10 यूनिट की एकसमान रीडिंग पाई गई। रामपुर नवागांव में उपभोक्ता पूरन राम वर्मा के परिसर में 20 जुलाई को की गई जांच में स्मार्ट मीटर व चेक मीटर दोनों की रीडिंग 356 यूनिट दर्ज की गई। छुईखदान टिकरीपारा में उपभोक्ता श्रीमती कली बाई के यहां भी 20 जुलाई को सत्यापन के दौरान स्मार्ट मीटर एवं चेक मीटर में बराबर 356 यूनिट की खपत दर्ज हुई।

# सेवा संकल्प अभियान : वृद्धाश्रम पहुंची समाज कल्याण, माय युवा भारत व सक्षम की टीम

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'सेवा संकल्प माह' के तहत स्थानीय भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**18 वृद्धजनों ने लिया देहदान का संकल्प, डिजिटल साक्षरता पर दी गई जानकारी**

उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग, 'माय युवा भारत' और 'सक्षम' संस्था की संयुक्त टीम ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान माय युवा भारत के शुभजीत और समाज कल्याण विभाग के निखिल साहू ने आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल साक्षरता के बारे में सरल तरीके से समझाया। वहीं 'सक्षम' के जिलाध्यक्ष हेमंत तिवारी ने रक्तदान, नेत्रदान और देहदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ जनों को जागरूक किया।

### 18 बुजुर्गों ने भरा देहदान का संकल्प पत्र

हेमंत तिवारी के प्रेरक उद्बोधन से प्रभावित होकर आश्रम में निवासरत 45 से अधिक बुजुर्गों में से 18 वरिष्ठजनों ने देहदान का फैसला लिया। गुरमुख दास वाधवा के मार्गदर्शन में चंद्रशेखर राजपूत, घुरऊराम, रामशिला, योगेश्वर, रामप्रसाद, सेवांता, अनिता देवांगन और शरण लाल सहित कुल 18 पुरुष व महिलाओं ने विधिवत देहदान का संकल्प पत्र भरा।

### नशामुक्ति और देखभाल का लिया संकल्प

आयोजन में उपस्थित वार्ड पार्षद शेखर लश्करे ने नशामुक्त भारत और वरिष्ठ नागरिकों की देखरेख से संबंधित संकल्प का वाचन कराया। इसके अलावा प्रकाश सांखला एवं अरुण भास्कर गुप्ता ने भी उपस्थित जनों को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में माय युवा भारत की टीम सहित समाज कल्याण विभाग के कमलेश शर्मा, सुनील चुरेंद्र, संतोष साहू, तिहार सिंह ध्रुव, नानक दिवाकर, हरि दास महंत और निखिल साहू का उल्लेखनीय योगदान रहा। मंच का संचालन आश्रम प्रबंधक कमलेश कोसले ने किया तथा आभार प्रदर्शन कुंभलाल यादव द्वारा किया गया। यह जानकारी विभाग के कलाकार तिहार सिंह ध्रुव ने दी।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के रेलवे पूर्व माध्यमिक एवं मिश्रित हाई स्कूल, में स्वच्छता पखवाड़ा

डोंगरगढ़ (दावा)। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत रेलवे पूर्व माध्यमिक एवं मिश्रित हाईस्कूल, डोंगरगढ़ में दिनांक 19 सितम्बर 2026 को निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, रचनात्मकता तथा पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में कुल 29 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें 20 विद्यार्थियों ने निबंध लेखन तथा 9 विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं के प्रतीक रामटेके ने प्रथम, कक्षा 10वीं की नव्या साखरवाड़े ने द्वितीय तथा कक्षा 8वीं के आयुष रामटेके ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन**

वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं के अविनाश पॉल ने प्रथम, कक्षा 10वीं की सावित्री बनसोड़ ने द्वितीय तथा कक्षा 10वीं की प्राची भास्कर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों एवं चित्रों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया ।स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विद्यालय में ÷वेस्ट से बेस्ट÷ (ङ्खड्डह्यह्लद्ग ह्लश क्चद्गह्यह्ल) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुएँ बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस गतिविधि का उद्देश्य पुनः उपयोग, रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करना है।

---

**एसआईआआर पर दो चुनाव आयुक्तों ने....**

इन बदलावों से असल में वोटर लिस्ट के लिए आईटी सिस्टम की निगरानी का एक स्तर खत्म हो गया था। दोनों चुनाव आयुक्तों ने साफ कहा- ये बदलाव उनकी जानकारी के बिना किए गए थे और उन्होंने इन्हें रद्द कर दिया। इसके बाद, 9 सितंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों की बैठक हुई। चार महीनों में यह उनकी पहली बैठक थी। 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने इस मामले की पड़ताल के दौरान सभी आपत्तियों को देखा और नई दिल्ली, कोलकाता, गोवा और मुंबई में कई अफसरों से बात की। इसका मकसद यह समझना था कि देश में निष्पक्ष चुनाव कराने की संवैधानिक जिम्मेदारी संभालने वाले इस संस्थान के भीतर क्या चल रहा था? यह बात और भी अहम इसलिए है क्योंकि इन तीनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एनडीए सरकार ने ही की थी। इनकी नियुक्ति 2023 के कानून के तहत प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और विपक्ष के नेता वाले एक सलेक्शन पैनल ने की थी।

0 संधू और जोशी की चेतावनी को कर दिया गया नजरअंदाजः फॉर्म 6 में किए गए बदलावों को लेकर चुनाव आयुक्तों- सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की चेतावनी एकदम साफ थी लेकिन फिर भी इसे नजरअंदाज कर दिया गया। 21 सितंबर को 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने चुनाव आयोग को कुछ सवाल भेजे और पूछा कि दोनों चुनाव आयुक्तों द्वारा उठाए गए मुद्दों और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए क्या किया गया? लेकिन अखबार को कोई जवाब नहीं मिला। 21 सितंबर को दोनों चुनाव आयुक्तों को ई-मेल भी भेजा गया, जिसमें पूछा गया कि क्या उनकी चिंताओं को हल किया गया? ई-मेल में यह भी पूछा गया था कि क्या 9 सितंबर की बैठक में इन मुद्दों को उठाया गया था? ई-मेल के बाद सोमवार और मंगलवार को फोन भी किए लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। चुनाव आयुक्तों की ओर से दर्ज कराई गई ये आपत्तियां किसी संवैधानिक संस्था के भीतर चल रहे मतभेदों को दिखाती हैं और इसमें चार बड़े सवाल सामने आए हैं।

**एसआईआारः वोट चोरी देश के....**

प्रक्रिया है। एक तरफ रिपोर्ट में दो चुनाव आयुक्तों की ओर से 14 मौकों पर आपत्ति जताए जाने का दावा है, वहीं ईसीआई सूत्रों का कहना है कि आयोग के फैसले सर्वसम्मति से लिए गए। रिपोर्ट में नए मतदाताओं को जोड़ने और वोटर लिस्ट से नाम हटाने से जुड़े मुद्दों का भी जिक्र किया गया है।

0 'देशद्रोह' के राहुल के आरोप से सियासी टकराव तेजः राहुल गांधी के 'वोट चोरी' को संविधान पर हमला और बीजेपी, आरएसएस तथा ईसीआई की कार्रवाई को 'देशद्रोह' बताने वाले बयान ने विवाद को और तीखा कर दिया है। फिलहाल एक ओर विपक्ष चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और सीईसी की भूमिका पर सवाल उठा रहा है, जबकि दूसरी ओर ईसीआई ने दो चुनाव आयुक्तों की असहमति के दावे को खारिज करते हुए अपने फैसलों को सर्वसम्मत बताया है।

**ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल....**

है। यहां 4 मई को घोषित 293 सीटों के परिणामों में से भाजपा ने 207 सीट जीतकर 147 सीटों के बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया, जबकि टीएमसी को 80 सीटें मिलीं। टीएमसी और ममता बनर्जी तभी से भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत और एसआईआर के जरिए धांधली का आरोप लगा रही है।

**एसआईआर पर मतभेद के दावों के....**

दर्ज नहीं कराया था, बल्कि उन्होंने सिर्फ अपनी सलाह और टिप्पणियां दी थीं, जिन्हें अंतिम फैसला लेते समय ध्यान में रखा गया था। अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस की एक खोजी रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि पिछले 10 महीनों के दौरान दोनों चुनाव आयुक्तों ने आयोग के कई फैसलों पर अपनी चिंता जाहिर की थी। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों अधिकारियों की शिकायत थी कि कई महत्वपूर्ण फैसले उनकी गैरमौजूदगी या बिना उनकी मंजूरी के लिए गए। जिन मुख्य विषयों पर सवाल उठाए गए, उनमें देश भर में मतदाता सूची सुधार का विशेष अभियान, नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6 में किए गए बदलाव, वोटर डेटा की डिजिटल सुरक्षा और मतदाता सूची से नाम हटाने या जोड़ने की कानूनी प्रक्रिया शामिल थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि नए वोटर बनने के लिए भरे जाने वाले फॉर्म-6 में एक नया सवाल जोड़ा गया था, जिसमें आवेदक से उसके या उसके परिवार के पिछले वोटर होने का सबूत मांगा जा रहा था। इस पर चुनाव आयुक्त विवेक जोशी और सुखबीर सिंह संधू ने कड़ा ऐतराज जताया और कहा कि नियमों में बिना औपचारिक संशोधन किए ऐसा बदलाव करना सही नहीं है। इसके अलावा, दोनों अधिकारियों ने डिजिटल वोटर डेटा के सुरक्षा ऑडिट की भी मांग की, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अनधिकृत व्यक्ति मतदाता सूची में फेरबदल न कर सके। दोनों आयुक्तों ने राज्य स्तर के अधिकारियों को पोर्टल तक पूरी पहुंच न मिलने का मुद्दा भी उठाया और इस संबंध में कैबिनेट सचिव को पत्र लिखा। आयोग की बैठकों में कुछ राज्यों से जुड़े मामलों पर भी गंभीर चर्चा हुई। पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट सुधार के दौरान जिन लोगों के नाम अदालत के आदेश से दोबारा जोड़े गए थे, उनके खिलाफ आयोग द्वारा अपील दाखिल की गई। इस पर चुनाव आयुक्त संधू ने सवाल उठाया कि जब उन्होंने या राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इसकी मंजूरी नहीं दी थी, तो यह कदम किसकी अनुमति से उठाया गया। इसी तरह गोवा का एक मामला सामने आया, जहां अधिकारियों की जांच में सही पाए जाने के बावजूद सॉफ्टवेयर में तकनीकी विकल्प न होने के कारण 97 योग्य नागरिकों के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**वोटर लिस्ट से नाम हटाकर चुनाव....**

उम्मीदवार मोहम्मद नूर आलम ने यहाँ 61,918 वोटों से बड़ी जीत हासिल की, जबकि भाजपा दूर-दूर तक मुकाबले में नहीं थी। मीडिया रिपोर्ट में दो चुनाव आयुक्तों द्वारा प्रक्रिया पर सवाल उठाने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए पात्रा ने चुनाव आयोग के रुख का बचाव किया। उन्होंने कहा कि ईसीआई द्वारा जारी विस्तृत नोट से साफ है कि सभी चुनाव आयुक्तों के बीच आधिकारिक विचार-विमर्श हुआ था। पात्रा ने कहा, यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की खूबसूरती है कि आपस में सभी चर्चाओं और मंथन के बाद अंत में सभी चुनाव आयुक्त एक ही मत पर सहमत थे। विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही जनता ने विपक्षी दलों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी को यह अहसास हो जाता है कि वह भारत की जनता का दिल नहीं जीत सकती, तो वह चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करना और उनकी साख पर सवाल उठाना शुरू कर देती है।

**1 करोड़ के स्वर्ण मुकुट से सजे....**

गोलबाजार शहर के पुराने गणेशोत्सव स्थलों में शामिल है। समिति के अनुसार, इस साल यहां गणपति स्थापना के 117 साल पूरे हो रहे हैं। इतने लंबे समय से चली आ रही इस परंपरा से शहर के व्यापारी परिवारों की चौथी पीढ़ी जुड़ी हुई है। समिति से जुड़े भाजपा नेता केदार गुप्ता ने बताया कि वे पिछले 37 साल से गणेशोत्सव की सेवा में लगे हैं। उनके अनुसार, पहले गोलबाजार में गणेशोत्सव के दौरान गुफाएं बनाई जाती थीं, लेकिन अब जगह कम होने के कारण गुफाओं की जगह झांकी तैयार की जाती है।

**अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी....**

परिसर में घमासान और प्रशासनिक अफरातफरी का माहौल बना रहा। इस मामले में पैरवी कर रहे वकीलों ने जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की भूमिका की भी गहन जांच की मांग की है। अधिवक्ताओं ने पूर्व महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव के खिलाफ औपचारिक प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दे रखी है। चार्जशीट में टिन्नू यादव, करुणेश, मनीष, सुभाष चंद्र, रमाशंकर, अनुकल्प और लवकुश समेत आठ लोगों को नामजद किया गया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या जांच एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में ट्रस्ट पदाधिकारियों और संबंधित बैंक कर्मियों की संलिप्तता को लेकर कोई तथ्य अदालत के समक्ष रखे हैं या नहीं।

**मेघालय में भाजपा का बड़ा सियासी दांव....**

फैसले का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि ये सभी विधायक केंद्र सरकार के प्रदर्शन और नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़े हैं। इस बदलाव से पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा के नेतृत्व और विकास मॉडल पर जनता व नेताओं का भरोसा और मजबूत हुआ है। यह राजनीतिक बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे लंबे समय से बातचीत चल रही थी।

इन विधायकों ने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के सामने राज्य के 4 बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे रखे थे- खासी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना, कोयला खनन से जुड़े प्रतिबंधों व नियमों का समाधान, मेघालय रेजिडेंट्स सेफ्टी एंड सिक्योरिटी एक्ट को लागू करना और शिलांग की हरिजन कॉलोनी को दूसरी जगह स्थानांतरित करना। इन मांगों पर शीर्ष नेतृत्व से मिले आश्वासन के बाद ही विलय का रास्ता साफ हुआ। 8 विधायकों के एक साथ पाला बदलने से मेघालय विधानसभा में भाजपा की ताकत सीधे 2 से बढ़कर 10 हो गई है। 60 सदस्यीय विधानसभा के लिहाज से यह आंकड़ा बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि इस घटनाक्रम से राज्य सरकार के मौजूदा कामकाज पर तत्काल कितना असर पड़ेगा, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा, लेकिन इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि मेघालय में अब क्षेत्रीय दलों के एकाधिकार को चुनौती मिल रही है और भाजपा मुख्यधारा की राजनीति में बेहद मजबूत भूमिका में आ चुकी है।

**हम आतंकवाद के शिकारः यूएन में पेजेश्कियान...**

पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान ने अपना बचाव किया, लेकिन दावा किया कि उसकी सेना ने जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाने से परहेज किया। उन्होंने कहा, हमारे निर्दोष लोग हमारे देश पर थोपे गए कायराना हमलों का निशाना बने। हमने पूरी ताकत के साथ अपना बचाव किया। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान को अपने देश की रक्षा करने के लिए किसी की अनुमति या मंजूरी की जरूरत नहीं है। पेजेश्कियान के संबोधन के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का एक अधिकारी संयुक्त राष्ट्र महासभा से बाहर निकल गया। जैसे ही ईरानी राष्ट्रपति ने अपना भाषण शुरू किया, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का अधिकारी अपनी जगह से उठा और बैठक से बाहर चला गया। उन्होंने कहा कि ईरान ने 200 वर्षों से किसी पर हमला नहीं किया है, लेकिन अब हम पर क्षेत्र में अस्थिरता का स्रोत होने का आरोप लगाया जा रहा है और हमें आतंकवादी कहा जा रहा है। उन्होंने कहा, हम हमला करने या आक्रामकता करने के लिए शक्ति हासिल नहीं करना चाहते। हम प्रगति के लिए ऊर्जा चाहते हैं, समाजों को हथियारों से धमकाने के लिए नहीं। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान की रक्षा प्रणालियों को इस तरह बनाया गया है कि कोई यह न सोच सके कि ईरानी शहरों पर बमबारी का कोई जवाब नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम इसे स्पष्ट रूप से कहते हैं. अपने देश की रक्षा करने के लिए हमें किसी की अनुमति या मंजूरी की जरूरत नहीं है।

**ई-कॉमर्स क्षेत्र के दिग्गजों पर.....**

कर सकते हैं। इसके अलावा, कुछ खाद्य उत्पाद ऐसे थे जिनकी बिक्री भारत में प्रतिबंधित है। इन प्रतिबंधित उत्पादों को भी मंचों पर बेचा जा रहा था। कुछ मामलों में जहरीले खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन और बिक्री भी इन उल्लंघनों का हिस्सा बनी। नियामक का मुख्य उद्देश्य देश में खाद्य सुरक्षा और मानकों को सुनिश्चित करना है। नियामक उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले छह महीनों से एफएसएसएआई ने अपनी निगरानी और प्रवर्तन गतिविधियों को काफी बढ़ाया है। यह वर्तमान कार्रवाई इसी व्यापक अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नियामक सोशल मीडिया के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को इन कार्रवाइयों और खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक कर रहा है।

# नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन पर व्यापक व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिये निगम के अधिकारियो कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम ने बताया कि गणेश विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके तहत कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके (मो.नं. 98271-18810) को नोडल अधिकारी व प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है, साथ ही कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे (मो.नं. 79993-94145) सहित दोनों कार्यपालन अभियंताओं को अपने अपने प्रभारित वार्ड में गणेश विसर्जन रूट में पेचवर्क, डस्ट,फिलिंग आदि कार्य कराने का दायित्व सौपा गया है। इसी प्रकार सभी सहायक अभियंताओं एवं सभी उपअभियंताओं को अलग अलग प्रभार सौपा गया है।



आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि 25 व 26 सितम्बर 2026 को गणेश विसर्जन के लिये मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराये जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विर्सजन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा समाग्री, फूल, कपडे, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने के अलावा रानी सागर,सर्किट हाऊस के पास व नंदई चैक में मूर्ति लाने लेजाने के लिये वाहन की व्यवस्था की जा रही है इन सबके लिये उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है।

साथ ही विसर्जन संबंधित समस्त कार्यो के अलावा रानीसागर व सर्किट हाउस के पास गणेश विसर्जन हेतु वाहन की व्यवस्था एवं देख रेख के लिए कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे (मो.नं. 79993-94145) को प्रभारी अधिकारी तथा प्र.सहायक अभियंता श्रीमति गरिमा वर्मा (मो.नं. 97705-19619) को सहायक बनाया गया है। इसी तहर उपअभियंता तिलक राज ध्रुव (मो.नं. 99070-02411) को नंदई चैक में शहर से आने वाली विसर्जन मूर्तियों को वाहनों से ले जाने का प्रभार सौपा गया है। व्यवस्था अंतर्गत मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गो में विद्युत व्यवस्था का दायित्व प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सौपा गया है, प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू (मो.नं. 78285-23391) इसके सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे एवं कंट्रोल रूम प्रभारी व टैंकरों से पेयजल व्यवस्था का प्रभारी मोटर प्रतिपालन सुरेन्द्र साव (मो.नं. 94255-64327) को बनाया गया है। इसके अलावा प्र. सहायक राजस्व अधिकारी अशोक चौबे (मो.नं. 99074-20717) को गणेश उत्सव के दौरान शहर के भीतरी भाग में आवारा पशुओं को पकड़ने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकड़ने का कार्य सौपा गया है, इनके सहयोगी का काम सहा. राजस्व निरीक्षक रमेश बघेल (मो.नं. 98271-53120) करेंगे। साथ ही प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा (मो.नं. 79996-98498) सहित उनकी टीम को शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रों में विशेष साफ सफाई व्यवस्था एवं विसर्जन कुण्ड के आसपास सफाई कार्य आदि का दायित्व सौपा गया है।

# विक्रांत सिंह की अगुवाई में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी 'हनुमान अंश'



खैरागढ़ (दावा)। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व में खैरागढ़ जिले के भाजपा पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राजधानी रायपुर पहुंचकर बाबा नीम करौली के जीवन पर आधारित बहुचर्चित फिल्म 'हनुमान अंश' देखी। रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित कलर्स मॉल के सिनेमाघर में आयोजित इस विशेष शो को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। फिल्म प्रदर्शन के दौरान पूरा हॉल भक्ति के रंग में रंग गया। 'जय श्रीराम' और 'जय श्री हनुमान' के गगनभेदी जयघोष से सिनेमाघर गूंजता रहा।

## आस्था और संगठन का दिखा अनूठा संगम

विक्रांत सिंह की अगुवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं के लिए यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामूहिक सहभागिता का सुंदर अवसर साबित हुआ। फिल्म में बाबा नीम करौली के प्रेरक जीवन, उनकी आध्यात्मिक यात्रा और अनन्य हनुमान भक्ति से जुड़े प्रसंगों को बड़े पर्दे पर देखकर कार्यकर्ता भावविभोर हो उठे। इस सामूहिक आयोजन में जिला भाजपा संगठन, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित समस्त मोर्चों के पदाधिकारी, पंचायत एवं नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लैब असिस्टेंट परीक्षा में सेन समाज से जुड़ी लोकोक्ति पर आपत्ति, अपर कलेक्टर को सौंपा राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा 20 सितंबर को आयोजित लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रश्नपत्र में लोकोक्ति चयन से संबंधित एक प्रश्न के विकल्प में सेन समाज के पारंपरिक व्यवसाय व सामाजिक पहचान से जुड़ी कथित आपत्तिजनक लोकोक्ति को शामिल किए जाने पर सर्व सेन समाज ने कड़ा ऐतराज जताया है। समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की।



## भावनाएं आहत, विशेषज्ञों की भूमिका पर उठाए सवाल

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र में इस प्रकार की भाषा और विकल्प के चयन से पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि व्यापम जैसी जिम्मेदार और महत्वपूर्ण संस्था में प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर उसके अंतिम अनुमोदन तक विशेषज्ञों की एक विस्तृत प्रक्रिया होती है। इसके बावजूद इस तरह के विकल्पों का शामिल होना एक गंभीर विषय है। समाज ने मांग की है कि प्रश्नपत्र तैयार करने और उसका अनुमोदन करने वाले विशेषज्ञों व अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

## व्यापमं से आधिकारिक स्पष्टीकरण व सुधार की मांग

सर्व सेन समाज ने संबंधित प्रश्न व विकल्प को लेकर व्यापम से तत्काल आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी करने की मांग की है। साथ ही यदि जांच में उक्त प्रश्न नियमों व सामाजिक मर्यादा के विपरीत पाया जाता है, तो अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में किसी जाति, समाज अथवा वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली भाषा या उदाहरणों के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए जाएं।

## 'समाज हर क्षेत्र में दे रहा योगदान'

प्रतिनिधियों ने कहा कि आज सेन समाज शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, व्यापार, राजनीति, खेल और कला सहित हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। शासकीय परीक्षाओं में प्रश्न तैयार करते समय सामाजिक मर्यादा और संवेदनशीलता का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ज्ञापन का उद्देश्य किसी संस्था का अपमान करना नहीं, बल्कि समाज की गरिमा और सम्मान की रक्षा करना है।

# जिला देवांगन समाज द्वारा कौड़ीकसा में रक्तदान शिविर संपन्न : 42 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर वीर शहीदों की पावन स्मृति में ग्राम कौड़ीकसा (विकासखंड चौकी) में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के युवाओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 42 रक्तदाताओं ने जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां परमेश्वरी देवी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



अतिथियों ने देवांगन समाज की पहल को सराहा, कहा - रक्तदान महादान, अन्य समाजों के लिए भी अनुकरणीय

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, कौड़ीकसा भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप साहू तथा जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन, रक्तवीर फनेन्द्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय पेंड्री (राजनांदगांव) के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की टीम ने अपनी सेवाएं दीं।

## रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं

समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने देवांगन समाज द्वारा लगातार दूसरी बार आयोजित इस सेवा कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान ही वास्तविक महादान है, जो सड़क दुर्घटनाओं और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को नया जीवन प्रदान करता है। देवांगन समाज की यह मानवीय सोच और सामाजिक पहल पूरे समाज के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी है। इस अवसर पर जनपद सदस्य शत्रुघ्न चुरेंद्र, सुरेखा मंडावी, सरपंच लक्ष्मण ढहलिया, झनक सोनवा, टीकाराम देवांगन, हेमलाल देवांगन, शिवरतन देवांगन, इंदल देवांगन, दिलीप देवांगन, पूजा देवांगन, भाईलाल देवांगन, तिलक देवांगन, भागबत्ती साहू, बसंत देवांगन, रेवाकांत देवांगन, श्रीमती गीतेश्वरी, शिवकुमार, साहिल, कपूर देवांगन सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# हरडुवा हाईस्कूल में शाला विकास समिति की बैठक संपन्न

घुमका (दावा)। समीपस्थ ग्राम हरडुवा स्थित शासकीय हाई स्कूल में शाला विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के सर्वांगीण विकास, अधोसंरचना के सुधार और छात्रहित से जुड़े कई आवश्यक मुद्दों पर चर्चा कर सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में स्कूल परिसर की सुरक्षा और सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक कक्षा में सीसीटीवी कैमरे लगाने, बाथरूम मरम्मत, बिजली एवं पेयजल उपकरणों व नल-पाइप की दुरुस्ती तथा कुर्सियों की रिपेयरिंग कराने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, स्कूल भवन से सटे बिजली के ट्रांसफार्मर को सुरक्षा की दृष्टि से अन्यत्र स्थानांतरित (शिफ्ट) कराने का प्रस्ताव भी अतिशीघ्र पूरा करने हेतु पास किया गया।



सुविधाओं के विस्तार व शिक्षकों की कमी पर हुआ मंथन
सीसीटीवी कैमरे, बाथरूम, पेयजल व बिजली उपकरणों की मरम्मत के प्रस्ताव पास, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग पर बनी सहमति

## शिक्षकों की कमी दूर करने पर जोर

कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत कुल 334 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या को देखते हुए विद्यालय में शिक्षकों की कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए शाला विकास समिति एवं शासन के माध्यम से अंग्रेजी विषय के लिए एक ट्यूटर शिक्षक की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही इतिहास विषय के शिक्षक की कमी को दूर करने के लिए आगामी प्रस्ताव में अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग रखी गई।

# झेरिया यादव समाज का जिला स्तरीय बैठक संपन्न

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला-राजनंदगांव खैरागढ़ छुईखदान गंडई व चौकी मानपुर मोहला का एक दिवसीय सामाजिक बैठक जी.आर. अहीर संरक्षक के मुख्य आतिथ्य एवं ज्योतिष राम यादव संयुक्त जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

ग्राम रूदगांव में आयोजित इस रूदगांव परिक्षेत्र के गरिमामय बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सहदेव यादव संरक्षक, भारती सोनकर सरपंच ग्राम पंचायत रूदगांव, दीपक भाई पटेल जनपद सदस्य, विष्णु यादव अध्यक्ष खुज्जी, शत्रुघन यादव अध्यक्ष छुरिया, सैलेन्द्री यादव, शिव कुमार यादव अध्यक्ष डोंगरगढ़, कृष्ण यादव अध्यक्ष छुईखदान, राकेश कुमार यादव अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, संतोष यादव अध्यक्ष चौकी, अणेश्वर यादव अध्यक्ष माहका कोकपुर, सुंदरलाल यादव संरक्षक शामिल हुए. अतिथियों ने समाज के प्रगति के लिए सुशिक्षा, समाज को संगठित रहने, परिवार को सभ्य और सुसंस्कृत बनाने, तकनीकी ज्ञान, व्यवसाय, उन्नत कृषि पर अपने-अपने विचार रखे। समाज में नशापान करने तथा डीजे के उपयोग पर पहले से ही पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। इस अवसर पर प्रभुराम यादव, परभूराम, मेघवाल, प्यारेलाल, सुदामा, संतुराम, नीलकुमार, धनीराम, बनवारी यादव, राजेश, एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित हुए

# नवोदय के छात्र धनंजय का एमबीबीएस में चयन, जीएमसी कांकेर में मिला प्रवेश

डोंगरगढ़ (दावा)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के होनहार छात्र धनंजय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए स्थान सुनिश्चित किया है। मानपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल व दुर्गम आदिवासी क्षेत्र ग्राम कंडारी निवासी धनंजय ने कक्षा छठवीं से 12वीं तक की पढ़ाई नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ से पूरी की है। उन्होंने सीमित संसाधनों और विषम परिस्थितियों के बीच अपनी लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम से यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है।



## मेहनत और समर्पण से तय किया सफलता का सफर

जवाहर नवोदय विद्यालय के उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल ने धनंजय के चयन की जानकारी देते हुए छात्र व उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प, नियमित अध्ययन और शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण हो तो ग्रामीण व वनांचल के विद्यार्थी भी किसी भी बड़े लक्ष्य को भेद सकते हैं। धनंजय ने विद्यालय में रहकर हमेशा उत्कृष्ट अनुशासन और शैक्षणिक निष्ठा का परिचय दिया है। पालक परिवार ने मानपुर विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी अंचल में नवोदय विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों और मार्गदर्शन को पहुंचाने में उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की।

छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्री सिंह, उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल, शिक्षक अनिल कुमार पाल, उमा देवी धुर्वे सहित समस्त शिक्षक परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए धनंजय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही मानपुर के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण मरकाम, संकुल समन्वयक देव ताराम तथा आदिवासी समाज के प्रबुद्ध शिक्षाविद दिनेश (दिलेर) ने बधाई देते हुए कहा कि धनंजय की यह सफलता वनांचल क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन से आदिवासी अंचल की प्रतिभाएं राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं।

# एसडीएम ने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से की सौजन्य मुलाकात जाति प्रमाण पत्र व नजूल पट्टा नवीनीकरण पर हुई विस्तृत चर्चा

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ स्थित नवीन विश्रामगृह में नवनियुक्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने धर्मनगरी डोंगरगढ़ व ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और प्रशासनिक विषयों से एसडीएम को अवगत कराते हुए उनके त्वरित निराकरण पर जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से नगरीय निकाय क्षेत्र में जाति प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित जटिलताओं को दूर करने और शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का विषय प्रमुखता से उठा। इसके साथ ही डोंगरगढ़ शहर में पट्टा वितरण के लिए चल रहे सर्वे कार्य को गति देकर शीघ्र पूर्ण करने तथा नागरिकों को आ रही व्यावहारिक दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा की गई।



शहर में पट्टा वितरण सर्वे शीघ्र पूर्ण करने की मांग; विधायक बोलीं- आम जनता को शासकीय प्रक्रियाओं में न हो परेशानी

## नजूल पट्टा नवीनीकरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश

विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने दो माह पूर्व कलेक्टर जितेंद्र यादव के समक्ष उठाए गए नजूल पट्टा नवीनीकरण के मुद्दे को दोबारा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ क्षेत्र में बड़ी संख्या में नजूल पट्टों की वैधता समाप्त हो चुकी है। जिस पर कलेक्टर ने पूर्व में एसडीएम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। परंतु अब तक नवीनीकरण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू न होने पर विधायक ने नवनियुक्त एसडीएम को निर्देशित किया कि नजूल पट्टा नवीनीकरण का कार्य अविलंब प्रारंभ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों को मूलभूत अधिकारों और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए पारदर्शी व समयबद्ध व्यवस्था बनाई जाए।

## जनहितैषी प्राथमिकताओं पर दिया जोर

विधायक ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र, भूमि पट्टा और राजस्व से जुड़े मामले सीधे आम नागरिकों के जीवन और बच्चों के भविष्य से जुड़े हैं। प्रशासन को इन प्रक्रियाओं को सुगम और संवेदनशील बनाना चाहिए ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति को भी समय पर न्याय और सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजयराज सिंह चौहान, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, मंडल अध्यक्ष दिनेश साखरे, पार्षद के. विनायक राव, पार्षद जयकिशोर अम्बादे, भीम मानव कल्याण संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर, सचिव अक्षय डोंगरे, विनायक मेश्राम, देवेंद्र वाल्दे, तरुण अम्बादे, विवेक वासनिक, शिव साखरे, रवि ऊके, बादल वाल्दे एवं विशाल जम्बूलकर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 'विकसित भारत की संकल्पना' पर बच्चों ने उकेरी अपनी भावनाएं






पर्यावरण से लेकर अंतरिक्ष तक की यात्रा पर नन्हें बच्चों ने चलाई रंग भरे ब्रश

अंबागढ़ चौकी (दावा)। विकसित भारत की संकल्पना विषय पर राष्ट्र व्यापी ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी भावनाओं को रंगों में सजाया। पर्यावरण को अनुकूल रखने के मानवीय संदेश के साथ बच्चों ने प्रौद्योगिकी विकास पर आकर्षक चित्र बनाकर विकसित भारत की तस्वीर खींच दिखाई।

प्रतियोगिता में प्रथम कु.आलिया देवांगन (कक्षा पांचवी) द्वितीय गिनीज गजेंद्र (कक्षा चौथी) तथा तृतीय संयम कुमार पाटिल (कक्षा चौथी) को स्थान प्राप्त हुआ। एन एस एम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी में विगत दिनों शासन के एक आदेश के अनुसार बच्चों ने विकसित भारत की संकल्पना पर अपने विचार चित्रों के माध्यम से प्रकट किए। कक्षा पहली से लेकर कक्षा छठवीं तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण पर चिंता व्यक्त करते हुए जहां समाज को स्वच्छता का संदेश दिया वहीं नन्हें बच्चों की विज्ञान प्रगति की जानकारी भी बखूबी सामने आई।

बच्चों ने अंतरिक्ष विज्ञान में भारत वर्ष की उज्ज्वल तस्वीर को बेहतरीन रूप में उकेर कर अपनी प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता को न केवल भाव प्रदान किए वरन खुद भी कुछ कर दिखाने का भविष्य का जज्बा संजोया। शिक्षक/शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में सृजनशीलता के परिचय को संस्था प्रमुख डॉ. एस.के.मिश्रा ने सराहना प्रदान की।

# सेवा मेरा योगदान के तहत जनभागीदारी से शिवनाथ नदी तट पर चला स्वच्छता ही सेवा




**राजनांदगांव (दावा)।** सेवा मेरा योगदान के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान में आज मोहारा स्थित शिवनाथ नदी तट एवं विसर्जन कुण्ड के पास जनभागीदारी का उत्साहपूर्ण नजारा देखने को मिला। महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने एक साथ श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। सभी ने मिलकर नदी तट एवं विसर्जन कुण्ड के आसपास साफ-सफाई की, झिल्ली-पन्नी एवं अन्य कचरा एकत्र किया तथा कटिली झाड़ियों की कटाई की। शिवनाथ नदी से पूजा सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट भी बाहर निकाला गया।

### एक साथ जुटे जनप्रतिनिधि और नागरिक, दिया सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश

अभियान में महापौर मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, दिग्विजय स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल, निगम अध्यक्ष टोकेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त जीआर मरकाम सहित पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों के साथ स्वयं श्रमदान किया। स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के साथ जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों ने कचरा उठाकर यह संदेश दिया कि स्वच्छ शहर बनाने की जिम्मेदारी केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### स्वच्छता केवल कार्यक्रम नहीं, समाज के प्रति जिम्मेदारी : रमेश पटेल

अभियान के संयोजक रमेश पटेल ने कहा कि 'सेवा मेरा योगदान' महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह अपने शहर और समाज के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। जब समाज का प्रत्येक वर्ग आगे आकर हाथ बंटाता है, तभी स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर का सपना साकार होता है। अभियान के दौरान सभी उपस्थितजनों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया और आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास, जलस्रोतों, नदी-तालाबों और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

- महापौर सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों और नागरिकों ने किया श्रमदान
- नदी तट एवं विसर्जन कुण्ड की सफाई कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश


### स्वच्छता गतिविधियों में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर - आयुक्त

निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निगम द्वारा विभिन्न स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें जनभागीदारी से तालाब सफाई, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई, प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रति जागरूकता, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, गणेश पंडाल एवं विसर्जन कुण्ड की सफाई तथा स्कूलों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि घर से ही कचरे का पृथक्करण कर स्वच्छता दीदियों को कचरा सौंपें और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छता को जनअभियान का रूप दिया जा सकता है। अभियान में शैंकी बग्गा, सुनील साहू, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, पार्षद शिव वर्मा, मनोहर यादव, हेमंत शेखर यादव, प्रमोद झंझाणे, अरुण साहू, सतीश साहू, रवि सिन्हा, डूरेन्द्र साहू, सेवक उईके, संतोष साहू, चन्द्रकृत साहू, नामांकित पार्षद सूर्यकांत श्रीवास, पूर्व पार्षद विजय राय, पूर्व नामांकित पार्षद हकीम खान, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव, पंकज कुरंजेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

### जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान को मिलेगी स्थायी सफलता - महापौर मधुसूदन

महापौर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का मूल उद्देश्य स्वच्छता को जनभागीदारी से जोडऩा है। 17 सितंबर को शीतला मंदिर परिसर एवं रानी सागर-बूढ़ासागर के आसपास स्वच्छता अभियान से शुरू हुई गतिविधियों के बाद लगातार विभिन्न स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज शिवनाथ नदी तट एवं विसर्जन कुण्ड के पास नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के साथ किया गया श्रमदान इसी जनभागीदारी की कड़ी है। उन्होंने कहा कि गणेश पर्व के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों एवं गणेश पंडालों के आसपास स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। विसर्जन से पहले नदी तट एवं विसर्जन कुण्ड की सफाई भी की गई है। निगम द्वारा प्रतिदिन सफाई व्यवस्था की जाती है, लेकिन नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छता को स्थायी रूप दिया जा सकता है। उन्होंने शहरवासियों से स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़कर अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।

## आज 'किशोरावस्था-बदलती सोच, बढ़ती समझ' पर पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना का मार्गदर्शन



**वार्ताकार जिनेंद्र पारख के सवालों के जरिए किशोरों व अभिभावकों की शंकाओं का करेंगे समाधान**

राजनांदगांव (दावा)। देश के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना आज 24 अक्टूबर को आकाशवाणी पर 'किशोरावस्था-बदलती सोच, बढ़ती समझ' विषय पर विशेष ज्ञानवर्धक वार्ता प्रस्तुत करेंगे। इस महत्वपूर्ण परिचर्चा में डॉ. बाफना किशोरावस्था के दौरान बच्चों में आने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक बदलावों के साथ-साथ इस संवेदनशील उम्र की बदलती सोच और समझ पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। वार्ता के दौरान वे वार्ताकार जिनेंद्र पारख द्वारा पूछे जाने वाले व्यावहारिक व समसामयिक सवालों का सरल और सहज भाषा में समाधान पेश करेंगे। यह विशेष वार्ता आज शाम 6 बजे और पुनः प्रसारण के रूप में रात्रि 10 बजे आकाशवाणी छत्तीसगढ़ के सभी रिले केंद्रों से प्रसारित की जाएगी। बदलते दौर में किशोरों के सही मार्गदर्शन और उनके मनोविज्ञान को समझने की दृष्टि से अभिभावकों व शिक्षकों के लिए यह प्रसारण अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

## डोंगरगढ़ शहर मंडल में नई जिम्मेदारियां : सौमित्र अध्यक्ष, विनय व अमित बोस बने महामंत्री



**भाजपा संगठन को मजबूती और गति देने प्रदेश नेतृत्व ने जारी किए आदेश**

डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी संगठन को मंडल स्तर पर अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जन सरोकारों से जोड़ने की दिशा में बड़ा फेरबदल करते हुए डोंगरगढ़ शहर मंडल में नई नियुक्तियां की गई हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के निर्देशानुसार एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय ने इन नियुक्तियों की विधिवत घोषणा की है।

जारी संगठनात्मक आदेश के अनुसार सौमित्र सोनी को डोंगरगढ़ शहर मंडल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं मंडल में सांगठनिक समन्वय और गतिविधियों को विस्तार देने के लिए विनय बंसल एवं अमित बोस को मंडल महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन ने स्थानीय स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतारने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने तथा आगामी अभियानों में बेहतर तालमेल स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। नव-नियुक्त पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

## गणेश विसर्जन पर संस्कारधानी में अभेद्य सुरक्षा चक्र : 800 जवान मुस्तैद, 4 ड्रोन व 10 मचानों से रखी जाएगी पैनी नजर



राजनांदगांव (दावा)। गणेशोत्सव के पावन अवसर पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस प्रशासन ने अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था तैयार की है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रखने का व्यापक सुरक्षा प्लान लागू किया गया है। विसर्जन मार्ग, संवेदनशील क्षेत्रों एवं विसर्जन कुंडों पर अतिरिक्त पुलिस बल सहित करीब 800 जवान तैनात किए गए हैं।

### ड्रोन, वॉच टॉवर और सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी

शहरभर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 4 ड्रोन कैमरे, 10 वॉच टॉवर (निगरानी मचान) और सीसीटीवी नेटवर्क को सक्रिय किया गया है। संवेदनशील स्थानों पर बने मचानों पर तैनात जवान दूरबीन व वायरलेस सेट से लैस रहेंगे। भीतरी गलियों से लेकर आउटर और लिंक रोड्स पर मोटरसाइकिल व चारपहिया पेट्रोलिंग टीमें लगातार गश्त करेंगी। आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम और अतिरिक्त रिजर्व बल को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

### असामाजिक तत्वों और हाल ही में रिहा अपराधियों पर नजर

शांति भंग करने, चाकूबाजी या उपद्रव की आशंका को टालने के लिए विशेष अपराध निरोधक दस्ते तैनात किए गए हैं। जेल से पिछले 10 दिनों में रिहा हुए अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, लॉज और ढाबों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि बाहरी संदिग्धों की तुरंत धरपकड़ हो सके।

### उठाईगीरी व चेन स्नेचिंग रोकने सादी वर्दी में जवान

भीड़भाड़ का लाभ उठाकर चेन स्नेचिंग, मोबाइल चोरी और जेबकटी करने वाले गिरोहों को पकड़ने के लिए सादे कपड़ों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी भीड़ के बीच मौजूद रहेंगे। पार्किंग स्थलों और संकरे मार्गों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

### 'वन कॉप : वन पंडाल' और झांकियों का समन्वय

पुराने शहर के संकरे मार्गों पर भीड़ और जाम नियंत्रण के लिए 'वन कॉप-वन पंडाल' व्यवस्था बनाई गई है। इसमें नियुक्त पुलिसकर्मी सीधे आयोजन समिति के संपर्क में रहेगा। प्रत्येक झांकी के साथ 5 वॉलंटियर तैनात रहेंगे और झांकियों के बीच निश्चित दूरी रखी जाएगी, ताकि जुलूस सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

### ट्रैफिक डायवर्जन और ग्रीन कॉरिडोर

शहर के 5 प्रमुख प्रवेश द्वारों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। भारी एवं सामान्य वाहनों को पुराने शहर में जाने से पहले ही डायवर्ट किया जाएगा। मुख्य झांकी मार्ग पर वाहनों की पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर सुरक्षित रखा गया है।

### डीजे नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, नागरिकों से अपील

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सर्वोच्च न्यायालय और शासन की गाईड लाईन के अनुसार तय ध्वनि मानकों में ही साउंड सिस्टम संचालित किए जा सकेंगे। उल्लंघन पर कोलाहल अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि विसर्जन के दौरान कीमती जेवरात पहनकर न निकलें, बच्चों व बुजुर्गों का ध्यान रखें, अफवाहों से बचें और किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध सूचना पर पुलिस कंट्रोल रूम (94791 92199) पर तुरंत संपर्क करें।

## गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शिवनाथ नदी तट पर बने कुंड में ही करें : मधुसूदन यादव



राजनांदगांव (दावा)। गणेशोत्सव के पावन अवसर पर प्रतिमाओं के सुगम एवं सुरक्षित विसर्जन के लिए नगर पालिक निगम द्वारा मोहारा स्थित शिवनाथ नदी तट पर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। महापौर मधुसूदन यादव ने समस्त गणेशोत्सव समितियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण और नियमों का सम्मान करते हुए प्रतिमाओं का विसर्जन नगर निगम द्वारा निर्मित विशाल विसर्जन कुंड में ही करें। महापौर मधुसूदन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा प्राकृतिक जलस्त्रोतों–नदियों और तालाबों में मूर्तियां विसर्जित करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसी निर्देश के परिपालन में नगर निगम द्वारा मोहारा में पक्के विसर्जन कुंड का निर्माण कराया गया है। जहां प्रतिवर्ष गणेश एवं दुर्गा प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि विसर्जन स्थल पर व्यवस्थित पूजा-अर्चना के लिए टेबल लगाए जाएंगे। जहां श्रद्धालु अंतिम आरती व पूजन संपन्न कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, पूजन सामग्री (फूल, माला, पत्ते आदि) के निपटान के लिए अलग से स्थान निर्धारित किया गया है, ताकि कुंड का जल और आसपास का परिसर स्वच्छ बना रहे। महापौर ने बताया कि विसर्जन व झांकी के मद्देनजर नगर सहित मोहारा तट पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। शहरभर में वॉच टॉवर निर्माण, प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सड़कों का पैचवर्क, निरंतर साफ-सफाई और पेयजल हेतु पानी के टैंकरों की तैनाती की गई है। शिवनाथ नदी तट के चारों ओर मजबूत बैरिकेडिंग और प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### संस्कारधानी की गरिमा बनाए रखने की अपील

महापौर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के तहत शहर के भीतरी मार्गों व डिवाइडरों पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया है। विसर्जन झांकियों के दौरान शहर और ग्रामीण अंचलों से भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में सभी नागरिक सजग रहें ताकि नवरोपित पौधों को कोई नुकसान न पहुंचे।

## आज मोतीपुर में महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के पटरी पार क्षेत्र मोतीपुर में राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले गृह शांति श्री लक्ष्मी नारायण 108 कुंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का विधिवत भूमिपूजन आज 24 सितंबर को संपन्न होगा। यह विशाल धार्मिक अनुष्ठान महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य संरक्षकत्व में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कार्यक्रम प्रभारी के रूप में पार्षद सावन वर्मा दायित्व संभाल रहे हैं। आयोजक जय महेश सिन्हा एवं श्रीमती ललिता सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि मोतीपुर स्कूल मैदान में होने वाले इस भव्य धार्मिक आयोजन का भूमिपूजन आज सुबह 10 बजे संत महामंडलेश्वर इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती जी के पावन करकमलों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजक परिवार एवं समिति ने शहर सहित आसपास के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने और धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## संविदा पदों पर भर्ती के संबंध में अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

राजनांदगांव (दावा)। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाईन यूनिट, शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालक) तथा जिला बाल संरक्षण ईकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति एवं शासकीय बाल देखरेख संस्था में विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के संबंध में पदवार अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट तथा कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय प्रथम तल कक्ष क्रमांक 11 राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश पृथक से प्रेषित किया जाएगा। शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालिका) के पीटी अनुदेशक सह योग शिक्षक अनुसूचित जाति वर्ग के एक पद एवं शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालिका) के रसोइया अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक पद हेतु पात्र उम्मीदवार नहीं मिलने के कारण भर्ती नहीं की जा सकी है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com